वर्ष 72 अंक 242 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 31 मई, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

देश की खातिर जीने-मरने की भावना जिस व्यक्ति में नहीं है, वह व्यक्ति मृतक के समान है।
-वीर सावरकर

सत्यमेव जयते | मध्यप्रदेश शासन





## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर

के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन

एवं

## 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान' अलंकरण



## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी

## दतिया एवं सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण एवं इंदौर मेट्रो का शुभारंभ

(गांधीनगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 तक)

## ₹483 करोड़ लागत के 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की प्रथम किस्त का अंतरण



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

— प्रधानमंत्री —

# नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

— गरिमामयी उपस्थिति —

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**31 मई, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल**

### नारी सशक्तिकरण में अग्रणी मध्यप्रदेश

- सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ
- शासकीय सेवा में महिलाओं के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 35% तक किया
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुईं आत्मनिर्भर
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख बहनों को मिली धुएं से मुक्ति

### बेहतर होतीं वायु सेवाएं

- ₹ 60 करोड़ की लागत से 124 एकड़ में दतिया एयरपोर्ट एवं ₹ 37 करोड़ की लागत से सतना एयरपोर्ट का निर्माण संपन्न
- हवाई सुविधा से धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक विस्तार को मिलेगा बढ़ावा
- यात्रियों को मां पीतांबरा पीठ, मां शारदा और चित्रकूट धाम तक की हवाई सुविधा होगी उपलब्ध
- प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के गंतव्यों तक कनेक्टिविटी होगी बेहतर

### इंदौर को मेट्रो रेल की सौगात

- ₹ 1520 करोड़ लागत की यलो लाइन मेट्रो 6 कि.मी. लंबे रूट पर चलेगी
- आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी
- प्रति ट्रेन 900 से अधिक यात्री क्षमता के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं QR आधारित टिकटिंग प्रणाली से स्मार्ट होगा सफर

### पंचायतों को स्थायी भवन

- प्रदेश भर में 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा के साथ प्रशासनिक कार्य करने, बैठकें आयोजित करने एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी

D-11033/25

सीधा प्रसारण | DD News | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP | #AhilyaBaiHolkarAt300

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# प्रधानमंत्री आज करेंगे सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण

## सतना को मिलेगी हवाई उड़ान की सुविधा, विकास को मिलेगी रफ्तार

## मैहर वाली मां शारदा समेत श्रीराम तीर्थ चित्रकूट के लिए तीर्थ यात्री ले सकेंगे फ्लाइट




**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों सतना और दतिया को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री भोपाल से वर्चुअली सतना के नव निर्मित एयरपोर्ट्स का भोपाल से वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजारापू, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण के स्थानीय कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री विमानन एण्ड कोआपरेशन श्री मुरलीधर मोहोल, राज्य सरकार के राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक सतना सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा सहित स्थानीय विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। स्थानीय कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से सतना एयरपोर्ट में प्रारंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रातः 11 बजे से भोपाल के लोकार्पण कार्यक्रम से सतना एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। जिसका सीधा प्रसारण सतना एयरपोर्ट पर दिखाया जायेगा। सतना और दतिया शहर धार्मिक, औद्योगिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहां एयरपोर्ट्स की सुविधा आ जाने से तीर्थ यात्रियों को दतिया की मां पीतांबरा पीठ, सतना की मैहर वाली मां शारदा और श्रीराम के वनवास के साक्षी चित्रकूट धाम पहुंचने के लिए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस सुविधा से तीर्थ यात्रा सुगम हो जाएगी, साथ ही दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

**सतना।** जिले में मद्यपान एवं मादक पदार्थों, नशीली दवाईयां, शराब एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने, नशामुक्ति के लिए जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत 31 मई 2025 को विश्व निषेध दिवस का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को शासन द्वारा आयोजन के संबंध में निर्धारित रुपरेखा के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। जिसमें जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाले विशेष समर कैम्पों में प्रतियोगिताओं में चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली आदि का आयोजन किया जायेगा। मैराथन, प्रभातफेरी, नुक्कड नाटक, गीत संगीत के कार्यक्रम होंगे।

## सतना एयरपोर्ट लोकार्पण की स्थानीय तैयारियों की समीक्षा



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के सतना को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण अवसर पर सतना एयरपोर्ट में स्थानीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। सांसद गणेश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट एथारिटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकार्पण समारोह के स्थानीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर एयरपोर्ट में की जा रही बैठक व्यवस्था, पंडाल, पेयजल, सुरक्षा कार्यक्रम में आने वाले जनमानस के आवागमन, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सतना एयरपोर्ट पर स्थानीय कार्यक्रम 31 मई को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सतना एयरपोर्ट के किये जा रहे वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को प्रातः 11 बजे से बडी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी गणमान्य और आम नागरिकों को प्रातः 9 बजे तक उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर फ्लाई ओला एयर क्राफ्ट द्वारा पहली उडान भरी जायेगी। इस उडान में सतना जिले की अनुसूचित जनजाति वर्ग की चयनित 6 महिला यात्री एयर क्राफ्ट में सवार होंगी। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम और हवाई उडान की सभी स्थानीय तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, डायरेक्टर एयरपोर्ट एथारिटी अशोक गुप्ता एवं उनकी टीम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संपन्न




**जागरण, सतना।** समाज में न्याय, धर्म और समर्पण की प्रतिमूर्ति अमर वीरांगना महारानी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जन्म जयंती समारोह पर मैहर के एकलव्य आवासीय विद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल छात्र-छात्राओं ने नाट्य एवं नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी, कलेक्टर रानी बाटड़, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी, एसडीम मैहर विकास सिंह, सीएमओ मैहर सुषमा मिश्रा, पार्षद अशोक चौबे, जितेन्द्र पाण्डेय, ऋतु कोल एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिलाओं को एएसपी ने नए कानून से कराया अवगत



**जागरण, सतना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रतीक देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन एवं भारतीय संस्कृति में दिये योगदान के उपलक्ष्य में 300 वीं जयन्ती जनकल्याण पर्व के रूप में 31 मई को मनायी जा रही है। इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराधों की रोकथाम अपराधों के विरूद्ध जागरूकता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये 30 मई को संपूर्ण प्रदेश में 01 दिवसीय अभियान चलाया गया है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर की उपस्थिति में मैहर जिले के ग्राम सोनवारी मे ग्रामीणजन को महिला एवम सायबर अपराधों से जागरूक करने एवं महिलाओं के हितों को सुरक्षित रखने हेतू कानूनी प्रावधानों के साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को महिला संबंधी नवीन कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। उन्हे महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया गया ताकि महिलायें सहजता से अपनी समस्याएं पुलिस को बता सकें। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों से गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, नाबालिक बालिकाओं के घर से जाने की घटनाएं आदि के सम्बंध में चर्चा की गई ताकि वे स्वयं सतर्क होकर अपने घर के बालक बालिकाओं को उक्त जानकारी से अवगत कराते हुए वर्तमान में घटित हो रहे अपराधों से सतर्क कर सकें। इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों को सायबर अपराधों की जानकारी देते हुए उनसे बचने के तरीके बताए गए। महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, सायबर हेल्प लाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लोक आधार केंद्र की समता समन्वयक भी शामिल रहीं। जिनके द्वारा ग्रामीण महिलाओं को अपने कार्यों की जानकारी दी गई एवम उक्त कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर आसपास के गांवों की महिलाओं एवम किशोरियों को जागरूक करने की बात कही गई। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी, विभाग से ब्लॉक मैनेजर अमित शुक्ला, प्रभारी क्ड सतेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सोनवारी के सरपंच, उपसरपंच थाना कोतवाली पुलिस का स्टॉफ एवम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पिपरीकला में श्रीमद् भागवत कथा पर निकली भव्य शोभायात्रा



**जागरण, उचेहरा।** पिपरी कला में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारम्भ होने पर गांव में भव्य शोभा यात्रा निकली । यह कथा 30 मई से 5 जून तक चलेगी। श्रीमद भगवात महापुराण कथा ब्यास पंडित दयाशंकर शुक्ला के मुखार बिंद से यह कथा भक्त जनो को श्रवण कराई जाएगी। कथा के मुख्य श्रोता लालजी सत्यवती तिवारी ने क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## आवेदक पर नहीं हो कोई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध

**सतना।** मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले परियोजना कार्यालय अमरपाटन , मैहर क्रमांक 01 , मैहर क्रमांक 02, एवं रामनगर में स्थित आधार पंजीयन मशीनो के संचालन के लिए 8 आपरेटरो की आवश्यकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मैहर राजेन्द्र बांगरे ने बताया कि आवेदक कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण हो , एनएसईआईटी द्वारा आधार परीक्षा उत्तीण हो मैहर जिले का निवासी हो। संचालित किये जाने वाले केन्द्र और तहसील के निवासी को प्राथमिकता आपरेटरर्स यूआईडीएआई द्वारा ब्लैक लिस्टेड न हो आधार कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। श्री बांगरे ने बताया कि एक सामान योग्य होने एक से अधिक आवेदन होने पर अधिक अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होने का कि आवेदक कोई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध न हो इच्छुक आवेदक प्रकाशन दिनांक से दिवस के अंदर शाम 6 बजे तक अपना आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कलेक्ट्रेट परिसर मैहर में सहायक ग्रेड तीन अनिल चौरसिया के पास जमा कर सकते है। यह जानकारी एनआईसी सतना / मैहर की वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

## सुदामा चरित्र का हुआ वर्णन




**जागरण, अमदरा।** श्री राधा कृष्ण मंदिर अमदरा में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ की कथा में शुक्रवार को सुदामा चरित्र की कथा कथावाचक पंडित बृजकिशोर तिवारी अपने मुखर बिंदु से सुनाए इस अवसर पर काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे शनिवार 31 मई को पूर्ण आहुति एवं भंडारा का कार्यक्रम दोपहर 12 से प्रारंभ होगा रविवार एक जून को दधिकांदो एवं जल बिहार का कार्यक्रम होगा उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच.बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे। कथा वाचक बृजकिशोर तिवारी ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है।

## हरिवंश महापुराण कथा का आयोजन शुरू

जागरण, सतना। ग्राम पतौरा में 28 मई से हरिवंश महापुराण कथा का दिव्य आयोजन आरंभ हुआ है जोकि 5 जून तक चलेगी एवं प्रसाद वितरण होगा यह पावन कथा आशीष गौतम एवं भूपेन्द्र गौतम के निज निवास पर संपन्न हो रही है। कथा के मुख्य जजमान यही हैं इस धर्ममय आयोजन में रामरूप शास्त्री नयागांव चित्रकूट के पवित्र मुखारविंद से कथा अमृत रूप में प्रवाहित हो रही है आज कथा का तीसरा दिन था जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म की कथा सुनाई गई जैसे ही वासुदेव.देवकी के यहां भगवान कृष्ण का अवतार हुआए पूरे वातावरण में उल्लास छा गया जन्म की लीला का वर्णन करते समय पूरा पंडाल ष्जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कीर्तन व झांकियों के माध्यम से इस पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया भगवान के जन्म के समय विशेष पूजन भजन और आरती का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए कथा श्रवण करने के लिए दूर.दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और यह धार्मिक आयोजन दिन प्रतिदिन भक्तिरस से ओतप्रोत होता जा रहा है।

## बेला टोल प्लाजा स्टॉफ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न



**जागरण, सतना।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से हिंदुस्तान लेटेक्स लाइफकेयर द्वारा बेला टोल प्लाजाए सतना में पदस्थ समस्त टोल प्लाजा स्टॉफको तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण 27 मई से 29 मई 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य टोल स्टॉफको दुर्घटना प्रबंधन कुशल व्यवहार राहगीरों को बेहतर सुविधा एवं समन्वय सहित 10 अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दक्ष करना था। प्रशिक्षण सत्र को भ्स्स् के संभागीय पर्यवेक्षक हृदेश दुबे के सहयोगात्मक मार्गदर्शन में प्रशिक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा एवं श्रीमती कोमल सिंह द्वारा संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में उमेश कुमार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से उत्कृष्ट समन्वय किया गया। टोल प्लाजा मैनेजर लक्ष्मी ज्योति पान्डेय लेखपाल आदेश कुमार शुभम यादव सज्जक खान एवं समस्त टोल स्टॉफने प्रशिक्षण की सफलता में सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया।

## सेवा संकल्प में कराया भोजन



**जागरण, सतना।** जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे स्व केपीएस तिवारी की पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल सतना में सेवा संकल्प में मरीजों एवं जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया । श्री तिवारी के पुराने साथी वरिष्ठ नेता पीड़ी पटेल , भागवत सिंह तिवारी , रमेश द्विवेदी ,के के कुशवाहा , संतोष यादव जिला पंचायत प्रितिनिधि ज्ञानेंद्र मिश्रा हिनौती ,रमाकांत द्विवेदी , रजनीश सिंह तिवारी , पंकज सिंह तिवारी , साकेत सिंह तिवारी , प्रवीण त्रिपाठी सहित कई चाहने वालों उपस्थित रहे।

## कमाल का कैंप : गांवों में बदल रहा शिक्षा की तस्वीर



**जागरण रामपुर बाघेलान।** कमाल का कैंप द समर कैंप 2025 के अंतर्गत गांवों में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को नया रूप दिया जा रहा है। इस प्रयास में स्वयंसेवकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। गांवों में रहने वाले प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षकए शिक्षित युवा.युतियांए जो पढ़ाई के प्रति रुचि रखते हैंए उन्हें इस अभियान से जोड़ा गया है। जनशिक्षकों द्वारा इन स्वयंसेवकों और शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें। इस कार्य में प्रथम संस्था द्वारा जनशिक्षकों का प्रशिक्षण एवं शिक्षण साहित्य भी उपलब्ध कराया गया जिसमें गतिविधि आधारित शिक्षण की सामग्री शामिल है। हर दिन चलने वाली कहानी ट्रेन गतिविधि के माध्यम से बच्चे पहले कहानी सुनते हैं फ्रि रोल प्ले करते हैंए चित्र बनाते हैं और उसी से जुड़े गणितीय प्रश्नों को हल करते हैं। इस रोचक तरीके से बच्चे न केवल कल्पना की दुनिया में खो जाते हैं ।

## एयरपोर्ट का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 31 मई को सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखते हुए एक अहम मांग रखी है। अपने पत्र में भगवती प्रसाद पांडे ने अनुरोध किया है कि सतना एयरपोर्ट का नामकरण भारत माता के सच्चे सपूत राष्ट्रवादी चिंतक और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया जाए। उन्होंने लिखा कि डॉ मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता सांस्कृतिक गौरव और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। श्री पांडे ने यह भी कहा कि सतना ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जिला हैए और यदि इस एयरपोर्ट का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सतना रखा जाता है तो यह उनके महान योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**सतना।** संचालनालय मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सतना जिले के दादा सुखेंद्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 30 मई 2025 तक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में चलाया गया। जिसका समापन 30 मई 2025 को अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एवं प्रभारी सतना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला खेल प्रशिक्षक एसपी तिवारी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में जानकारी दी गई कि जिला मुख्यालय में 8 खेल में व्हालीबाल, फुटबाल, बास्केटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स एवं कराते का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग 700 खिलाडियों ने भाग लिया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की विकासखण्ड मुख्यालय में दो-दो खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

## जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर लिये जाते है अतिरिक्त पैसे

### रामपुर के चोरहटा सर्किल में पदस्थ ऑपरेटर कर रहा अवैध वसूली

**जागरण, सतना।** जन्म प्रमाणपत्र बनाने के एवज में अतिरिक्त पैसो की मांग की जाती है। यदि किसी ने आपरेटर को पैसे नही दिये तो उसका आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाता है। यह पूरा मामला रामपुर बाघेलान तहसील के अंतर्गत आने वाले चोरहटा सर्किल का बताया जा रहा है। जहां पर पदस्थ आपरेटर द्वारा उन लोगो को बेहद परेशान किया जाता है जिनसे वह अतिरिक्त पैसे नही पाता ऐसी शिकायत बृजकिशोर वर्मा द्वारा दर्ज कराई गई है। अब देखना ये है कि यह मामला प्रकाश में आने के बाद तहसील कार्यालय में पदस्थ तहसील और एसडीएम इस मामले पर कोई कार्यवाही करते है या फिर आपरेटर को मनमानी करने की खुली छूट देते है यह तो आने वाला वक्त बातयेगा।

**पहले ही दी थी आवेदन निरस्त करने की धमकी :** फरियादियो ने शिकायत करते हुये बताया कि वह अपनी बेटियों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोक सेवा केन्द्र में आवेदन किया था जिसमें सारे दस्तावेज पूर्ण थे। शिकायत कर्ता ने बताया कि वह मजूदरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है संबंधित आपरेटर ने उससे अतिरिक्त पैसो की मांग की जब उसने पैसे देने से मना कर दिया तो उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया। दुबारा 50 रूपये के स्टाम शपथ पत्र के साथ आवेदन करने के लिए कहा गया जबकि पूर्व में ही शपथ में 50 रूपये की टिकट लगा कर नोटरी करवाकर दस्तावेज जमा किये गये थे फिर भी उसे जानबूझ कर अमान्य कर दिया गया। शिकायत कर्ता ने यहां तक कहा है कि उक्त आपरेटर इस कदर मनमानी आमादा है कि यदि किसी ने उसे पैसे नही दिये तो उसका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। और यदि किसी ने उसकी मुहमांगी राशि देदी तो फिर टिकट पर ही जन्म प्रमाण पत्र जारीकर दिया जाता है। प्राथी ने वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाते हुये न्यायालय की मांग की है।

### इनका कहना है



इस तरह की पहलीबार शिकायत आई है इस मामले की जांच करायेगें । जांच में शिकायत सही पाई गई तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**आर.एन. खरे**
**एसडीएम**
**रामपुर बाघेलान सतना**

**Presiding Officer: श्री शरद कुमार लटोरिया**
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000016/2024)

आर.सी.सी.पी.एल प्राईवेट लिमिटेड ग्राम भरौली जरिये मुख्तयार धर्मेन्द्र सिंह ......................... वादी
Vs
मोलिया पटेल ............................................................................... प्रतिवादी

Process Id -/ 2025
पेशी दिनांकः- 09/07/2025

प्रेषिती.
(1) श्री अयोध्या पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना अमदरा तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (2) श्री परमसुख पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना अमदरा तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (3) श्रीमती बॉबी पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना अमदरा तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (4) श्री दुलीचंद पटेल पिता श्री रामनिवास पटेल पता. ग्राम धतूरा थाना व तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (5)श्रीमती ललता पटेल पिता स्व श्री रतना पटेल पता. हाल निवास ग्राम मतवारा थाना अमदरा जिला मैहर मप्र (6) श्रीमती सोना पटेल पिता स्व श्री रामधनी पटेल पता. ग्राम गोरईयाखुर्द थाना व तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (7) श्रीमती सोमवती पटेल पिता श्री रामनिवास पटेल पता.तहसील मैहर जिला मैहर मप्र पता. ग्राम धतूरा थाना व (8)श्री महेश पटेल पिता स्व श्री रामधनी पटेल पता. ग्राम गोरईयाखुर्द तहसील व जिला मैहर मप्र (9) श्रीमती कौशिल्या पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (10) श्री मोहन पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना अमदरा तहसील मैहर मैहर मप्र (11) श्री राकेश पटेल पिता स्व श्री रामधनी पटेल पता.ग्राम गोरईयाखुर्द थाना व तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (12) श्री मिथला पटेल पिता श्री रामनिवास पटेल पता. ग्राम धतूरा थाना व तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (13 ) श्री रामनारायण पटेल पिता श्री विश्वनाथ पटेल पता. ग्राम मतवारा थाना अमदरा तहसील मैहर जिला मैहर मप्र (14 ) श्री ईश्वरदीन पटेल पिता स्व श्री अउआ पटेल पता. उम्र 70 वर्ष ग्राम भरौली
पोस्ट कुसेडी थाना अमदरा जिला मैहर मप्र।

यह कि प्रार्थी आर सी सी पी एल प्राईवेट लिमिटेड ग्राम भरौली जरिये मुख्तयार धर्मेन्द्र सिंह ने आपके विरूद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 अपील प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 17 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारण वश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश
शरद लटोरिया चतुर्थ जिला न्यायाधीश मैहर जिला सतना म.प्र.

▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 242 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 31 मई, 2025
▸▸ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

" एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकर खाने के बाद ही होता है।
-स्वामी विवेकानंद

**महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन आजः** अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में डाक टिकट भी किया जाएगा जारी

# पीएम इंदौर मेट्रो की करेंगे वचुर्अली शुरुआत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित इस महासम्मेलन में पीएम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में प्रदेश को कई सौगातें देंगे। वे 300 रुपए का सिक्का जारी करेंगे जो अहिल्याबाई होलकर को समर्पित होगा। वे एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे, जिस पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की छवि अंकित होगी। जनजातीय, लोक और पारंपरिक कलाओं में योगदान देने वाली एक महिला कलाकार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से भी सम्मानित करेंगे। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से 2 लाख से ज्यादा महिलाओं के पहुंचने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की व्यवस्था से लेकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा और स्वागत की जिम्मेदारी महिलाओं द्वारा उठाई जाएगी। मोदी आयोजन स्थल पर सिंदूरी रंग से सजे रथ पर सवार होकर उपस्थित महिलाओं के मध्य से होकर मंच तक पहुंचेंगे।

### ये भी करेंगे मोदी

- पीएम द्वारा आयोजन स्थल से ही वचुर्अली उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर 860 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाले घाट निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इन घाटों का निर्माण सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।
- प्रदेश को दो नए एयरपोर्ट भी शनिवार को मिल जाएंगे। दतिया और सतना में दो नए हवाई अड्डों का प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा, जिससे विंध्य क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी।
- प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो की येलो लाइन के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवाओं की शुरुआत करेंगे। इससे ट्रैफिक और प्रदूषण में कमी आएगी साथ ही यात्रा अधिक आरामदायक बनेगी।
- प्रधानमंत्री 1,271 अटल ग्राम सुशासन भवनों के निर्माण के लिए 480 करोड़ से अधिक की लागत की पहली किस्त का हस्तांतरण भी करेंगे, जिससे पंचायतों में स्थायी अधोसंरचनात्मक विकास होगा।



### सवा दो घंटे भोपाल में रहेंगे मोदी

प्रधानमंत्री भोपाल में सवा दो घंटे तक रहेंगे। उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी हो गया है। मोदी सुबह 9.30 बजे दिल्ली से रवाना होंगे और सुबह 10.50 पर भोपाल के स्टेट हैंगर पहुंचेंगे। यहां से वे हेलीकॉप्टर के जरिए सुबह 11 बजे जंबूरी मैदान पहुंचेंगे। जंबूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में लगभग 1 घंटे 45 मिनट तक ठहरने के बाद वे 12.45 पर रवाना होकर दोपहर 1 बजे स्टेट हैंगर पहुंचेंगे। यहां से दोपहर 1 बजकर 5 मिनट पर दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## कानपुर में बोले प्रधानमंत्री-दुश्मन कहीं भी हो, हम खत्म कर देंगे

**कानपुर, जेएनएन।** मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। कहा, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा-अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हम दुश्मन को खत्म कर देंगे, चाहे वह कहीं भी हो। हमारी ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किया।

### पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की

इससे पहले, मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। मोदी ने शुभम की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से मुलाकात की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि पीएम परिवार से मिलकर भावुक हो गए। ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए तो पीएम ने ढांढस बंधाया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। शुभम की मौत पहलगाम आतंकी हमले में हुई थी। पत्नी ऐशन्या के सामने उन्हें गोली मारी गई थी।


## संक्षिप्त खबरें

### 150 दिनों के लिए नया टैरिफ लागू करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब नया टैरिफ लगाने पर विचार कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल में कहा गया है कि आयात होने वाले समानों पर अस्थायी तौर पर टैरिफ लागू करने की तैयारी हो रही है। यह टैरिफ 150 दिनों के लिए लगेगा और 15 फीसदी होगा। अगर ये टैरिफ लागू होता है तो दुनिया भर में असर होगा और महंगाई बढ़ जाएगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन ट्रंप 15 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह देखना चाहते हैं कि दुनिया पर उसका क्या असर होगा। ट्रंप नया कानून भी अपने विशेषाधिकार के जरिए लाएंगे। विशेषाधिकार राष्ट्रपति को कांग्रेस की मंजूरी के बिना अस्थायी टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो रेट और टाइम पीरियड दोनों को लिमिटेड रखता है। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि ट्रंप का यह नया प्रयोग अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ेगा।

**ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ**

## नौसेना पूरी ताकत से काम करती तो पाक चार टुकड़ों में बंट जाता



**गोवा, जेएनएन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि यदि नौसेना ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी तरह सक्रिय हो गई होती तो पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट गया होता। उन्होंने यह भी कहा, अगर पाकिस्तान बातचीत के लिए गंभीर है तो उसे 26/11 के मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंप देना चाहिए। राजनाथ गोवा तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अधिकारियों और नाविकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान के हित में होगा कि वह अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद की नर्सरी को अपने हाथों से उखाड़े और इसकी शुरुआत उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंपने से करनी चाहिए। दोनों न केवल भारत की सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों की सूची में हैं, बल्कि वे संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी भी हैं। उन्होंने कहा, चुप रहने के बावजूद भारतीय नौसेना पाकिस्तानी सेना को रोकने में सफल रही।

हालांकि इस बार पाकिस्तान को भारतीय नौसेना की मारक क्षमता का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन दुनिया जानती है कि अगर पाकिस्तान कोई बुरा काम करता है तो नौसेना हमला कर सकती है। उन्होंने कहा, 1971 इस बात का गवाह है कि जब भारतीय नौसेना को कार्रवाई के लिए लगाया गया था, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना अपनी पूरी ताकत से आती, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट जाता।

**भारत अब आतंक नहीं सहेगा :** रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में हमने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों और उसके इरादों को नष्ट कर दिया। हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाइयों को रोक दिया है। इस बार जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक अभ्यास था। अगर पाकिस्तान ने फिर से दुस्साहस किया, तो भारतीय नौसेना को भी कार्रवाई के लिए लगाया जाएगा और तब सिर्फ भगवान ही जानता है कि पाकिस्तान का क्या होगा। ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम, एक अल्पविराम, एक चेतावनी है।

## अंकिता भंडारी मर्डरः तीन दोषियों को उम्रकैद


**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को वह गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को उसका शव चीला नहर में मिला था। कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र सिंह ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा- जिन दरिंदों ने उनकी निर्दोष बेटी को मारा, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए। कोर्ट के बाहर अंकिता के समर्थन में भीड़ भी मौजूद रही।

## पूर्व विधायक समरीते को छह माह की सजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते को अपनी अधूरी मांगों को लेकर संसद को उड़ाने की धमकी देने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई। यह सजा विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सुनाई। समरीते पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। संसद भवन को 16 सितंबर, 2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक पार्सल प्राप्त हुआ था, जिसमें विस्फोटकों से संबंधित कुछ संदिग्ध पदार्थ, एक भारतीय ध्वज और संविधान की एक प्रति थी। इसमें संसद को उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, न्यायाधीश ने विस्फोटक अधिनियम के तहत समरीते को आरोप से बरी कर दिया, यह देखते हुए कि पार्सल में मौजूद पदार्थ विस्फोटक नहीं था। समरीते की पैरवी अधिवक्ता मनीष कुमार चौधरी ने की। दिसंबर 2022 में अदालत ने आरोपी को यह कहते हुए जमानत दे दी कि संसद को उड़ाने की धमकी से किसी प्रकार का विस्फोट या जान-माल की हानि नहीं हुई।

## भोपाल में तीन साल से बिना वीजा के रह रही थी युगांडा की मिस स्टेला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** युगांडा की 27 वर्षीय मिस स्टेला नकावूंदे नाम की युवती तीन साल से बिना वीजा के भोपाल में रह रही थी। किराए से फ्लैट लेने के लिए वह निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा बन गई। इसके लिए उसने फर्जी दस्तावेज भी बना लिए। इन्हीं दस्तावेज से 22 हजार रुपए हर माह के भाड़े से शाहपुरा इलाके में फ्लैट भी ले लिया। बाद में पुलिस वेरीफिकेशन में पता चला कि उसने कॉलेज में दाखिला ही नहीं लिया। ब्यूटी प्रोडक्ट का धंधा करने के लिए वह भोपाल में रह रही थी। वह देशभर में भ्रमण कर चुकी है। पुलिस ने शुक्रवार को युवती को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। साक्ष्य बरामदगी समेत उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया है।



# ग्राम पंचायत सुनहरा में लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर

जागरण, पन्ना

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के निर्देशन व व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत सुनहरा में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर ग्रामीणजनों को शिविर के उद्देश्य, महत्व एवं उपयोगिता के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं एवं बालकों के अधिकार भी बताए गए। किशोर बालकों को अपराध से दूर रहने के लिए समझाईश दी गई तथा बाल विवाह व बाल श्रम को रोकने के लिए ग्रामीणजनों को प्रेरित किया गया। ग्रामीण महिलाओं को पॉक्सो, दहेज प्रतिषेध और घरेलू हिंसा अधिनियम तथा अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान आनंद त्रिपाठी एवं पवन कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण अंतर्गत स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय एवं प्रक्रिया के बारे में भी विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। शिविर में सरपंच आशाराम आदिवासी एवं सचिव नीता प्रजापति सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**बंदियों को अधिकारों के बारे में किया जागरूक :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा जिला जेल पन्ना में भी विधिक साक्षरता शिविर लगाकर बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जेल प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली गई तथा जमानत आदेश प्राप्त होने पर निर्धारित समयवधि में रिहाई न होने पर अविलंब प्राधिकरण कार्यालय को सूचित करने के लिए कहा गया। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता पर उचित माध्यम से प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन पत्र प्रेषित करने की सलाह दी गई। शिविर में जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को बजाग पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार




**जागरण डिंडोरी।** सुखलाल धुर्वे पिता माहू लाल धुर्वे जाति बैगा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बौना थाना बजाग जिला डिण्डौरी को सुबह 07.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि बहन सुकवती की मौत हो गई है तब परिवारजनों के साथ बहन के ससुराल ग्राम खम्हेरा जाकर देखे तो बहन घर के अंदर मृत अवस्था में पडी थी आस-पड़ोस वालों नें बताये कि फूलंचद अपनी पत्नि पर शक करता था इसी बात को लेकर कई बार लड़ाई झगडा मारपीट भी करता था, शंका के चलते मारपीट कर हत्या करना पाये जाने से अपराध धारा 103 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमति वाहनी सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी डॉ. अमित वर्मा के निर्देशन में आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम के मार्गदर्शन में थाना स्तर में अलग-अलग टीम गठित कर आरोपी फूलचंद धुर्वे पिता बुधलाल धुर्वे उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खम्हेरा को खम्हेरा के जंगल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय डिण्डौरी पेश किया गया। एसडीओपी विवेक कुमार गौतम,थाना बजाग टूआईसी उपनिरी. अशोक तिवारी, सउनि रमेश कुड़ापे, प्रआर. 183 राजेश मरावी, म.प्रआर. 158 संगीता उईके, आर. 415 कुमान, आर. 263 रोहित मरकाम, चालक आर. 387 आकाश अहिरवार सहित सभी हमराह स्टाफ की भूमिका अहम रही।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**पन्ना।** कौशल विकास विभाग द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र में समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए निर्धारित पंजीयन तिथि बढ़ाकर 16 जून 2025 नियत की गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित थी। अब इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर इच्छित संस्था व व्यवसाय के लिए च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई के विभिन्न टेऊड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण है। वेल्डर टेऊड के लिए न्यूनतम योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना निर्धारित है।

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./6898/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 30.05.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 1229 (PM-JANMAN) (BATCH-IV, YEAR-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below:

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.
- **Table-4 :** PM-JANMAN-Batch-IV

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Singrauli | 1 | 1 | 2.85 | 16863390.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **03.07.2025 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **18.07.2025 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/120355/2025
''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## अमानगंज में बायपास बंद, यातायात व्यवस्था चरमराई, नागरिक परेशान

### स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल बायपास मार्ग को दोनों ओर से खोलने की मांग की है

**जागरण, पन्ना।** अमानगंज नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिसका मुख्य कारण बायपास मार्ग का दोनों ओर से बंद होना है। प्रशासन द्वारा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी और व्यावसायिक वाहनों के नगर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद, बायपास बंद होने से ये वाहन मुख्य मार्गों से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे नगर में भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रशासन ने नगर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की घटनाओं को देखते हुए भारी वाहनों को बायपास मार्ग से होकर गुजरने का निर्देश दिया था। यह निर्णय नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए लिया गया था। हालांकि बायपास मार्ग के बंद होने से यह व्यवस्था बेमानी साबित हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बायपास मार्ग का निर्माण और सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन पाइप डालने के नाम पर इसे दोनों ओर से बंद कर दिया गया है। इससे नगर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है, खासकर संकीर्ण बाजार क्षेत्रों में, जहां जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है। पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों को इससे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण ने भी इस समस्या को और विकट बना दिया है। प्रशासन ने आवश्यक सेवाओं के वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी है। इनमें फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पुलिस वाहन, नगरीय निकाय की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाहन, दुग्ध वाहन, विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहन, राज्य शासन की निश्शुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना के तहत शासकीय खाद्यान्न उठाव कार्य में लगे वाहन शामिल हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल बायपास मार्ग को दोनों ओर से खोलने की मांग की है, ताकि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और उन्हें इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके। नागरिकों का कहना है कि यदि यह समस्या जल्द हल नहीं हुई तो उनकी परेशानियाँ और बढ़ सकती हैं।

## 2.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। विकास के मामले में यह प्रदेश में अव्वल रहेगा। यहाँ तेजी से विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की। पीटीएस चौराहे में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें। रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। देश व प्रदेश में विकास के लिए जो धनराशि जारी होती है उसमें रीवा की भी हिस्सेदारी हो इस बात की चिंता हमेशा रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। हमारा रीवा भी पीछे नहीं रहेगा।

**कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय एवं विकास रीवा संभाग रीवा (म०प्र०)**

क्रमांक / यां.प्र./2025/–907 दिनांक: 27.05.2025

**//द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग रीवा (म.प्र.) द्वारा मोबाइल टेस्टिंग लैब हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि रूपये में | निविदा फार्म शुल्क | श्रेणी | समयावधि कार्यादेश से |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| | 01 नग वाहन Mahindra Bolero Pickup 1.7 Ton किराये पर लगाया जाना है (रीवा संभाग हेतु)<br>01 नग वाहन Mahindra Bolero Pickup 1.7 Ton किराये पर लगाया जाना है (शहडोल संभाग हेतु) (कुल 02 नग वाहन) | 6.00 लाख | 6000.00 रू० | 2000.00 रु. | – | 15 दिवस के अंदर |

शर्तेः–
01. निविदा प्रपत्र का मूल्य वेवसाइट http: www.mptender.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।
02. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र 28.05.2025 से 11.06.2025 सायं 5.00 बजे तक खरीदे जा सकेगें।
03. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 11.06.2025 सायं 6.00 बजे तक है।
04. निविदा दिनांक 12.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे खोली जावेगी।
05. रीवा एवं शहडोल संभाग हेतु टेण्डर आई.डी. 2025_UAD_427422_1 पर डाली जा सकती है। वाहन किराये पर 01 वर्ष के लिये रखा जाना है। अवधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
06. संबंधित निविदाकार को अपनी दरें GST(Goods & Services Tax) छोडकर प्रस्तुत करना होगा।
07. समस्त दस्तावेज ऑनलाईन ही प्राप्त किये जायेंगे।
08. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत के सभी अधिकार कार्यालय प्रमुख को रहेंगे।
09. वाहन किराये पर लगाए जाने हेतु निविदा में वाहन की दर प्रतिवाहन की दर से प्रस्तुत किया जावे।
नोटः
1. निविदा मे किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जायेगा समाचार पत्रों में नहीं।

संभागीय कार्यपालन यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

**NOTICE INVITING TENDER No. 348/MTN/2025**

No./6889/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 30.05.2025

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 05 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Betul | 1 | 17385408.00 |
| 2 | Damoh | 1 | 14911723.00 |
| 3 | Dewas | 2 | 19543713.00 |
| 4 | Mandsaur | 1 | 21695005.00 |
| 5 | Narmadapuram | 2 | 16255742.00 |
| 6 | Panna | 1 | 3931322.00 |
| 7 | Rajgarh | 2 | 54285471.00 |
| 8 | Sagar | 3 | 10428638.00 |
| 9 | Seoni | 1 | 13912541.00 |
| 10 | Shajapur | 1 | 18754292.00 |
| 11 | Sheopur | 1 | 15487498.00 |
| 12 | Shivpuri | 1 | 3049449.00 |
| 13 | Singrauli | 1 | 10354695.00 |

- **Table-2 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dindori | 1 | 21696017.00 |
| 2 | Khargone | 2 | 16462351.00 |
| 3 | Narmadapuram | 1 | 9834079.00 |
| 4 | Ratlam | 1 | 18156102.00 |
| 5 | Sagar | 1 | 1267837.00 |
| 6 | Sheopur | 1 | 2982650.00 |
| 7 | Shajapur | 1 | 13837241.00 |
| 8 | Sidhi | 1 | 8346781.00 |

- **Table-3 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Chhindwara | 2 | 22099954.00 |
| 2 | Dindori | 1 | 4339645.00 |
| 3 | Harda | 1 | 4479450.00 |
| 4 | Narmadapuram | 1 | 4744330.00 |
| 5 | Narsinghpur | 1 | 17338623.00 |
| 6 | Rajgarh | 1 | 14847809.00 |
| 7 | Sagar | 1 | 12337463.00 |
| 8 | Sidhi | 2 | 12735213.00 |
| 9 | Singrauli | 1 | 12625166.00 |
| 10 | Vidisha | 2 | 44854559.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **10.06.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **04.07.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/120341/2025
''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## रविवार को विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**पन्ना।** कार्यपालन अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अमितेष मिश्रा ने रविवार, 1 जून को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र धरमसागर का मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव कार्य होने के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई बाधित रहने के संबंध में सूचित किया है। रविवार को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक उपकेन्द्र से निर्गमित 11 केव्ही फीडर से संबंधित क्षेत्र प्रभावित होंगे।

## एकेएस के डॉ सिकरवार की पुस्तक प्रकाशित




**जागरण सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के भारतीय ज्ञान परम्परा विभाग के निदेशक डा रामलखन सिंह सिकरवार ने बुन्देलखण्ड के वृक्ष तथा झाड़ियाँ नामक शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की है। इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को बुंदेलखंड के मूल निवासी पेड़ों और झाड़ियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इसे शौकिया और पेशेवर वनस्पतिशास्त्रियों के साथ.साथ प्रकृति प्रेमियों के लिए भी सुलभ बनाया गया है जो इस क्षेत्र में उगने वाले पौधों के बारे में अधिक जानने में रुचि रखते हैं। इस गाइड बुक में पेड़ों और झाड़ियों की 243 प्रजातियों का विस्तृत विवरण और रंगीन तस्वीरें मिलेंगी। प्रत्येक प्रजाति के साथ उसके वितरण,आवास, पुष्पन और फ्लन अवधि के साथ.साथ कुछ औषधीय या पारिस्थितिक उपयोगों की जानकारी भी दी गई है।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## रामपुर पुलिस ने शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही कर दर्ज किये 51 प्रकरण



**जागरण सतना।** रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान चलाकर अवैध शराब तस्करो के विरूद्ध 51 प्रकरण दर्ज कर 392 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता पाई है वहीं दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत द्वारा नशा के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत एसपी आशुतोष गुप्ता क निर्देश एएसपी विक्रम सिंह , डीएसपी मुख्यालय वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी एवं सभी बीट प्रभारी व चौकी प्रभारी द्वारा की गई है।

**196 लीटर देशी व 135 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त :** पुलिस ने बताया कि कार्यवाही के दौरान 52 आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी एवं 196.680 लीटर देशी शराब 135.900 लीटर अंग्रेजी, 60 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की गई है। इस कार्यवाही में 1 लाख 88 हजार 690 रूपये की शराब जप्त हुई है। 50 प्रकरणो में धारा 34-1 एवं एक प्रकरण में धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उसमें विनोद सिंह पटेल पिता स्व. जय लाल पटेल उम्र 36 साल एवं प्रमोद सिंह पटेल उर्फ रज्जन पिता स्व. जयलाल पटेल उम्र 33 साल दोनो निवासी ग्राम गणेशा थाना रामपुर बाघेलान का नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 8 कार्टून मे भरी 72 लीटर गोवा शराब जप्त की है जिसकी कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये बताई गई है।

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये प्रथम वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-17/06/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

**( सी.सी.टी.व्ही. कैमरा ऑल सिस्टम )**

| क्र. | उपकरण का नाम | अनुमानित राशि | 03% अमानत राशि | ई-निविदा समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी.टी.व्ही. कैमरा ऑल सिस्टम | 10,00,000.00 | 30,000.00 | एक वर्ष |

जी–13603 / 25
जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये शेष निडिल सिरीज, गॉज बैण्डेज एवं सेनेटरी पैड क्रय करने हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-17/06/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोटः-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जी–13584 / 24
जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

# रेलवे के सभी निर्माण कार्यों में दिखने लगी तेजी

जागरण रेलवे

## रामपुर नैकिन रेलवे स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में

### सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

जागरण, सीधी



ललितपुर-सिंगरौली से संबद्ध रीवा-सिंगरौली नवीन रेलवे लाइन का निर्माण कार्य सीधी जिले में काफी तेजी के साथ चल रहा है। सीधी जिले में रघुनाथपुर बघवार रेलवे स्टेशन तक रेल के आने का ट्रायल पूर्ण होने के बाद से ही आगे रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य जहां तेजी से चल रहा है वहीं रेलवे प्लेटफार्मों के निर्माण कार्य में भी काफी तेजी देखी जा रही है। सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ सीधी जिले में रेलवे के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सांसद ने रामपुर नैकिन, चुरहट और सीधी रेलवे स्टेशन के साथ ही अमरवाह, कुर्रवाह एवं चिलरी स्थित रेलवे टनल तथा सोन रेलवे ब्रिज का रेलवे अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे, एक्सईएन श्री कृष्णा, डीआरयूसीसी सदस्य तुषारधर द्विवेदी, चंदन मिश्रा, एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने चुरहट रेलवे स्टेशन, ब्रिज, रामपुर नैकिन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि बघवार रेलवे स्टेशन तक ट्रेन का ट्रायल सफलतापूर्वक होने के पश्चात रामपुर नैकिन तक रेलवे ट्रैक डालने का काम भी काफी तेज गति से हो रहा है। रामपुर नैकिन रेलवे स्टेशन का कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है। वहीं रेलवे स्टेशन चुरहट तथा जिला मुख्यालय के नौढिया स्थित रेलवे स्टेशन का कार्य भी काफी तेजी के साथ किया जा रहा है। यह दोनो रेलवे स्टेशन भी कुछ समय में तैयार हो जायेंगे। सांसद डॉ. मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे ट्रैक का काम भी तेजी के साथ पूर्ण किया जाय जिससे दिसम्बर तक जिला मुख्यालय सीधी तक ट्रेन के पहुंचने की राह प्रशस्त हो सके। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि रेलवे से संबंधित सभी कार्य सीधी जिले में तेजी के साथ किये जा रहे हैं।

## तीव्र गति से चल रहा रेलवे का कार्यः डॉ. राजेश



ललितपुर-सिंगरौली रेलवे परियोजना के तहत सीधी जिले में रेलवे का कार्य भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उनके द्वारा सीधी जिले में रेलवे के चल रहे कार्यों का निरीक्षण रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया गया। यह बताते हुये अत्यंत हर्ष हो रहा है कि रामपुर नैकिन स्थित रेलवे स्टेशन का कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है। अब जल्द ही चुरहट व सीधी का रेलवे स्टेशन भी बनकर तैयार हो जायेगा।

## सीधी-बहरी के बीच में भी रेलवे का कार्य शुरू

रीवा-सिंगरौली नवीन रेल लाइन परियोजना के तहत सीधी जिला मुख्यालय तक रेल को दिसंबर 2025 तक लाने की तैयारी है। इसी के चलते बघवार से सीधी के बीच रेलवे के कार्यों में काफी तेज आ चुकी है। रेलवे विभाग द्वारा सभी कार्यों के लिए अलग-अलग संविदाकारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुछ संविदाकार जहां रेलवे ट्रैक को बिछाने के कार्य में लगे हुए हैं। वहीं कुछ संविदाकार पुल-पुलियों के निर्माण तथा रेलवे स्टेशनों के कार्यों को पूरा करने में जुटे हुए हैं। सीधी जिला मुख्यालय से आगे बहरी तक रेलवे के द्वितीय फेज का कार्य भी काफी तेजी के साथ चल रहा है। जिला मुख्यालय के समीपी क्षेत्रों में रेलवे लाइन के लिए अर्थवर्क के साथ ही पुल-पुलियों के निर्माण का काम भी तेजी के साथ किया जा रहा है। यह माना जा रहा है कि दिसंबर 2025 तक सीधी जिले में सीधी से बहरी के बीच नवीन रेलवे लाइन के अर्थवर्क के साथ ही पुल-पुलियों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। सीधी जिले के साथ ही सीमावर्ती सिंगरौली जिले में भी कई स्थानों में रेलवे के कार्य चल रहे हैं। इसमें रेलवे प्लेटफार्म का निर्माण कार्य सबसे पहले प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। यह जरूर है कि रेलवे के सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता साफतौर पर दिख रही है।

## 5 महीने बाद पेन डायरी में दिखे वरिष्ठ परिचालक अजय मिश्रा



**जागरण, सेमरिया।** गौतम बस सर्विस के वरिष्ठ परिचालक अजय मिश्रा का ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन सफल होने के बाद अब वह 5 महीने बाद फिर से पेन डायरी में दिखाई देने लगे हैं। अजय मिश्रा वरिष्ठ परिचालकों में शुमार हैं और क्षेत्र के यात्रियों द्वारा उनके प्रति काफी स्नेह रखा जाता है। अजय मिश्रा के घर में रहने के दौरान गाड़ी मालिक और यात्रियों के फोन लगातार आते थे, लेकिन अब सभी की मांग पर अजय मिश्रा फिर से गौतम बस सर्विस में पेन डायरी के साथ दिखाई देने लगे हैं। वह रीवा से बैढ़न के बीच बस में चलते हैं। अजय मिश्रा का स्वास्थ्य अब पूरी तरह से ठीक हो गया है, जिसके बाद उन्होंने अपनी ड्यूटी फिर से शुरू कर दी है। उनकी वापसी से यात्रियों और गाड़ी मालिक को काफी राहत मिली है। अजय मिश्रा की मेहनत और समर्पण की वजह से उन्हें क्षेत्र में काफी पसंद किया जाता है।

## जिपं सदस्य की पहल से सेमरिया में लगा नया ट्रांसफार्मर



**जागरण, सेमरिया।** जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 6 सेमरिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया जी ने अपने भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों की समस्या सुनी और तत्काल कार्रवाई की। ग्राम पंचायत सेमरिया हायर सेकेंडरी स्कूल के पास का 200 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया जी ने विद्युत विभाग के सेमरिया सर्किल के जेई सब इंजीनियर मनीष सिंह और सीधी एसी चंद्रा को इसकी जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया। नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्राम वासियों में खुशी की लहर है। वे जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया और विद्युत विभाग के अधिकारियों की पहल की सराहना कर रहे हैं।

## अवैध मदिरा विनिर्माण, विक्रय करते कायम हुए प्रकरण

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में एवं संतोष सिंह कुशवाह जिला आबकारी अधिकारी सीधी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकानों के पास साफ-सफाई एवं अवैध मदिरा विनिर्माण, विक्रय, परिवहन के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक अंजली मिश्रा एवं मणिराज मिश्रा द्वारा जिले में संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकानों का निरीक्षण किये गये, निरीक्षण के दौरान दुकानों के पास साफ-सफाई एवं रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिये गये। जिले में मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर सीधी जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर कुल 33 न्यायालयीन प्रकरण कायम किये गये।

# ऐतिहासिक रहा थाना प्रभारी का कार्यकालः एसडीएम

## विदाई समारोह के दौरान भावुक दिखे थाना प्रभारी

जागरण, मझौली




लगभग डेढ़ वर्ष मेरे साथ भी थाना प्रभारी दीपक बघेल को काम करने का मौका मिला है, उस दौरान जितना मैं जान पाया उनमें इनकी तीव्र बुद्धि, धैर्य और साहस के साथ मानवीय संवेदनाओं से भरपूर होकर अपने कार्यकाल का निर्वहन किए हैं जो मझौली थाना के लिए ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें मझौली थाना में लगभग साढ़े तीन वर्ष से पदस्थ रहने के बाद स्थानांतरण उपरांत थाना प्रभारी दीपक बघेल का विदाई समारोह मझौली स्थित शीलू शगुन पैलेस में आयोजित किया गया, जहां उपखंड अधिकारी आरपी त्रिपाठी ने मुख्य अतिथीय संबोधन में अपना अनुभव साझा किया। वहीं उनके अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशनी सिंह ठाकुर ने भी श्री बघेल के कार्यकाल की एवं उनके अनुभव एवं कार्य शैली की सराहना करते हुए विदाई दी एवं उनके अग्रिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दी। समारोह में उनके कार्यकाल को लेकर कई लोगों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। वहीं अपने संबोधन में श्री बघेल ने मंचासीन अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय जनमानस के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि जो कुछ भी मेरे द्वारा थाना मझौली में किया गया उसमें आप सबका सहयोग और मार्गदर्शन प्रमुख रहा उसी के आधार पर मैं काम किया हूं। जितना मझौली में स्नेह और अपनापन मुझे मिला है उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। चाहे बड़े प्रशासनिक आयोजन हो चाहे धार्मिक आयोजन हो अथवा लाइन ऑर्डर को नियंत्रित करने की बात हो सब में आप लोगों का सहयोग और समर्थन मिला है जिसके लिए सादर आभार। अपने स्टाफ की भी सराहना करते हुए कहा कि मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि प्रभारी होने के नाते सारी जिम्मेदारी सिर्फ मेरी है। हमारे अधीनस्थ स्टाफ भी पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहे और उन्हीं के भरोसे मैं काम करता रहा हूं। आगे अतर सिंह जिन्हें इस थाना की कमान मिली है उनसे भी अपेक्षा है और सुझाव है कि इसी तरह क्षेत्रीय जनमानस का सहयोग लेकर अपने कार्यकाल को बेहतर बनाएंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता एवं सरपंच डांगा अखिलेश जायसवाल के द्वारा किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर यमुना प्रसाद वर्मा, भूपाल सिंह, विनय सिंह सीधी, प्रवीण तिवारी, राजेश द्विवेदी, पवन तिवारी, अतर सिंह थाना प्रभारी, रामसखा शर्मा, राजकुमार तिवारी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी के शुभचिंतक एवं ईस्ट मित्र यादगार के रूप में उन्हें गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके साथ फोटो शूट कराया। इस दौरान एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी, रोशनी सिंह ठाकुर एसडीओपी, आशीष मिश्रा नायब तहसीलदार, विनय सिंह बिन्नू, लवकेश सिंह, प्रवीण तिवारी, भूपाल सिंह, नवागत थाना प्रभारी अतर सिंह, थाना प्रभारी मड़वास केदार परौहा, थाना प्रभारी कुसमी भूपेश बैंस, चौकी प्रभारी पथरौला प्रीति वर्मा आदि मचाशीन रहे।

# 36 वर्षीय युवती ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या



**जागरण, सीधी।** 29 मई की शाम लगभग 5 बजे के आसपास जहां रेनू वर्मा उम्र 36 वर्ष पति अजीत वर्मा ग्राम नोगई थाना चितरंगी जिला सिंगरौली निवासी थी जो बहरी थाना अंतर्गत बहरी बस स्टैंड के पीछे रूम लेकर रहती थी, जो फांसी के फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना परिजनों के द्वारा बहरी थाने को दी गई, इसके बाद बहरी पुलिस पहुंचकर फांसी के फंदे को काटकर शव को नीचे उतारा और विवेचना में लिया। रात हो जाने की वजह से शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम सुबह पोस्टमॉडम घर बहरी में डॉ. अमित वर्मा के द्वारा किया गया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मृतक रेनू वर्मा के पति अजीत वर्मा एवं मृतक की बेटी एवं अन्य परिजनों का आरोप है कि रेनू वर्मा बबलू जायसवाल नाम के व्यक्ति की धमकी के कारण फका फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त की है। शासन-प्रशासन जांच कर कठोर कार्यवाही करवाने की कृपा करें। वही रोती बिलखती मासूम बच्ची ने अपने दर्द को बयां करते हुए बताया कि बबलू जायसवाल बहरी से नौगाई टैक्सी चलाता है जो पिछले 1 वर्षों से मेरी मां से बात करता था और पैसे लिया था। बात भी करता था और हमे धमकी भी देता था कि किसी से बताओगी तो तुम्हारे परिवार को और तुमको जान से खत्म कर दूंगा। रोती बिलखती बच्ची की आयु लगभग 13 वर्ष की है। बच्ची ने कहा कि मेरे मम्मी के मृत्यु का करण बबलू जायसवाल है, प्रशासन उसे सजा दे। यह तो जांच का विषय है। फ्री हाल जांच तो पुलिस प्रशासन करेगी लेकिन सवाल तो उठाता है कि क्या एक मासूम बच्ची की मां को बबलू जायसवाल की धमकी की वजह से जान देना पड़ा या फिर कोई और कारण था। वहीं मृतिका की बेटी काजल वर्मा ने बताया कि बबलू जायसवाल निवासी नौगई का है, जो टैक्सी चलाता है मेरी मम्मी से बात करता था और मेरी मम्मी से पैसा भी लिया था, जिसकी पंचायत भी एक दो बार लगी थी अभी एक हफ्ते पहले भी पंचायत लगी थी इसके बाद धमकी भी देता था। हमें भी धमकी देता था कि किसी से बताओगी तो जान से मार दूंगा और सब सभी परिवार को जान से मरवा दूंगा। इसलिए मेरी मम्मी डर के कारण फांसी लगाकर मर गई।

## आदमखोर सियार के काटने से 8 लोग घायल



**जागरण, सीधी।** देर रात घर में सो रहे 8 लोगों को आदमखोर सियार ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना कमर्जी गांव में बीती रात आदमखोर सियार ने लोगों के घर में घुसकर काटना शुरू कर दिया। जब तक हो-हल्ला मचता वह 8 लोगों को काटकर घायल कर चुका था। बाद में ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर आदमखोर सियार को गांव से बाहर खदेड़ा। सियार के काटने से घायल लोगों में सुखमंती तिवारी पति शोभनाथ तिवारी उम्र 75 वर्ष, दुअसिया कोल पति बाबूलाल को उम्र 50 वर्ष, अशोक कुमारी पति राजेन्द्र उपाध्याय उम्र 55 वर्ष, रामसखा उपाध्याय पिता रामकृष्ण उपाध्याय उम्र 70 वर्ष, शिवदास साकेत पिता प्रहलाद साकेत उम्र 56 वर्ष, अवध लाल साकेत पिता रामलाल साकेत उम्र 30 वर्ष, रामशिया सोनी पिता लखपति सोनी उम्र 72 वर्ष एवं मुस्कान कोल पिता राजेश कोल उम्र 10 वर्ष शामिल हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में सियार काटने के जहर को रोंकने के लिए इंजेक्शन लगाया गया है। इंजेक्शन की सभी डोज इनाको निर्धारित समय के अंदर लगना जरूरी हैं।

## डॉ.अशोक को मिली कम्यूनिटी ऑफ्थैल्मोलाजी की उपाधि




**जागरण, सीधी।** आई केयर यूनिट सीधी के संचालक डॉ. अशोक कुमार दुबे को एस.डब्ल्यू.ए. विश्वविद्यालय के जी.ए.सी. अवार्ड सेरीमनी 2025 में 25 मई को नई दिल्ली में डॉ. इन कम्यूनिटी ऑफ्थैल्मोलाजी उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. अशोक कुमार दुबे विगत 35 वर्षों तक जिला चिकित्सालय सीधी में शहरी व सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी नेत्र रोगियों की सतत उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा सेवाये प्रदान किया है। शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद अब अपने आईकेयर यूनिट सीधी के माध्यम से पूर्णकालिक नेत्र रोगियों को अपनी उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। डी.ओ.एस.सी. डिप्लोमा इन ऑफ्थैल्मिक साइंस की उपाधि गाँधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से तथा बी.ओ.एम.एस. बैचलर इन आफ्थैल्मिक मेडसिन एण्ड सर्जरी की उपाधि भगत देशमुख विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर एसएन मिश्रा आईएएस, डॉ. प्रो. यूएस तिवारी, डॉ. अतुल उपाध्याय, केएल पाठक, डॉ. एके द्विवेदी, महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय अध्यक्ष राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता निवारण समिति भारत-सीधी, संजय बाजपेयी, अध्यक्ष सीडीएस सीधी, उमेश कुमार तिवारी महाप्रबंधक, सीके शुक्ला, जिला यूक्रम प्रबंधक एनएचएम सीधी मीडिया जगत से सचिन मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, आदित्य सिंह इत्यादि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाये व्यक्त किया है।

## सेना के सम्मान में कांग्रेसजनों ने निकाली जय हिंद यात्रा



**जागरण, सीधी।** भारतीय सेना के सम्मान में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को शहर में जय हिंद यात्रा और संविधान बचाओ रैली निकाली गई। जय हिंद यात्रा जवाहर कांग्रेस भवन से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट चौक स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुई। यात्रा में शामिल कांग्रेस नेता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जय हिंद यात्रा के दौरान कहा कि भारतीय सेना देश की असली हीरो है हर भारतीय सेना के अदम्य साहस शौर्य और पराक्रम को नमन करता है हमारी सशस्त्र सेनाओं ने बहादुरी अद्वितीय साहस रणनीतिक क्षमता के साथ ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया हम सबको भारतीय सेना पर गर्व है जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा उपाय में चूक, राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के सरकार के तरीके एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में अमेरिका की चिंताजनक भागीदारी पर सरकार की चुप्पी पर भी गंभीर सवाल खड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि सेना के वीर जवानों पर अपमानजनक टीका टिप्पणी करने वालों को कभी माफनहीं किया जायेगा। जय हिंद यात्रा और संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण पूर्व अध्यक्ष जिला पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि सहयोगी संगठनों प्रकोष्ठों एवं अनुसांगिक संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बीएलए साथी सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताबंधु भारी संख्या में शामिल रहे। इस दौरान जय हिंद यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि चुरहट भारत सिंह, पूर्व संगठन प्रभारी सुरेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा, महिला प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, महामंत्री नवीन सिंह युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू, सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## स्वरोजगार स्थापित कर महिला उद्यमी दे रही रोजगार



**जागरण, सीधी।** कहते हैं खुद पर भरोसा हो तो कोई भी काम असंभव नहीं है। कुछ ऐसा ही उदाहरण देखने को मिलता है सीधी जिले में रहने वाली श्रीमती नीतू सिंह का जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत ऋण लेकर अपना स्वयं का उद्यम स्थापित किया है। श्रीमती नीतू सिंह अपने पति के साथ पेपर दोना पत्तल निर्माण की इकाई स्थापित करना चाहती थी। उनके द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में संपर्क किया गया जहां विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफइंडिया डी पी कॉम्प्लेक्स सीधी के माध्यम से पेपर दोना पत्तल इकाई स्थापित करने हेतु 10 लाख रु का ऋण प्राप्त कर अपनी इकाई कात्यायनी उद्योग स्थापित की। आज यह इकाई न केवल 5 से 6 लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है बल्कि इकाई से प्रतिमाह 35 से 40 हजार रुपए का लाभ भी प्राप्त हो रहा है। वहीं योजनान्तर्गत शासन से 247500 रुपए की सब्सिडी भी प्राप्त हुई है जो स्वरोजगार संचालन के लिए मददगार साबित हो रही है। श्रीमती नीतू सिंह बताती है कि आज उनकी इकाई से निर्मित दोना पत्तल न केवल सीधी अपितु इलाहाबाद और कानपुर तक भी भेजे जाते हैं।

## मिट्टी परीक्षण पर वैज्ञानिकों का जोर

**जागरण, सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक के बीच आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प का आज दूसरा दिन है, जिसके अन्तर्गत सीधी जिले में भी गठित तीनों दलो द्वारा अभियान का संचालन किया गया सीधी विकासखण्ड में पहले दल द्वारा बढ़ौरा, कुबरी, सेमरिया दूसरे दल द्वारा कोठार, उपनी, शिवपुरवा नं. 01 तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखण्ड की टमसार, ठाड़ीपाथर एवं दुआरी में अभियान का संचालन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण अवश्य करवाएं।







RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA

Medium:- Hindi/English

TEACHERS REQUIRED



| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
|---|---|---|---|
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

ADMISSION OPEN 2025-26

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Fully secured and CCTV Sureillance campus

शिक्षा महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)

सम्बद्ध-अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ

संचालित पाठ्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| B.A. (Computer) – 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (Computer) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | BA.Bed (All Sub. 4 Year) – 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.A. (Plain) – 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (CBZ) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | B.Ed (2 Year) – स्नातक पास (सभी समूह) |
| B.Com (Computer) – 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (PCM) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | DELED (2 Year) – 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.Com (Plain) – 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (Bio. Tech.) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | L.L.B. (3 Year) – स्नातक पास (सभी समूह) |

शिक्षा महाविद्यालय, पनवार सेंगरान, सीधी म.प्र.
सम्पर्क सूत्र :- 6261003429, 9981861520

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## विद्यार्थियों के मामलों में संवेदनशीलता की जरूरत

पुणे की 19 वर्षीय छात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक पोस्ट किया था, जिस पर विवाद हो गया। हालांकि दो घंटे बाद ही उसने पोस्ट को डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली थी। इसके बावजूद उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। ऊपर से कॉलेज प्रशासन ने बिना उसका पक्ष जाने उसे निष्कासित भी कर दिया। इस वजह से वह सेमेस्टर एग्जाम के दो पेपर नहीं दे पाई। हाईकोर्ट ने इसी बात को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा - ऐसा लगता है कि पुलिस अधिकारी और कॉलेज प्रशासन छात्रा की जिंदगी बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

पहली नजर में ही देखने से लगता है कि पुलिस और कॉलेज प्रशासन, दोनों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। उन्होंने इसे किसी क्रिमिनल केस की तरह लिया और जल्दबाजी में कार्रवाई की।

छात्रा का माफी मांगना जाहिर करता है कि उसे अपनी गलती का अहसास था। वहीं, अगर कॉलेज प्रशासन को लग रहा था कि मामला वाकई गंभीर है तो छात्रा से बात कर उसकी काउंसिलिंग करनी चाहिए थी, ताकि दोबारा वह ऐसी स्थिति में न फंसे।

कोर्ट ने कहा कि यह उम्र गलतियां करने और उसे सुधारने की है। लेकिन, यहां जब तक केस हाईकोर्ट में नहीं पहुंच गया, तब तक किसी ने भी छात्रा को सुधार करने का अवसर नहीं दिया। मजिस्ट्रेट ने उसकी बेल अर्जी खारिज कर दी और सेशन कोर्ट ने सुनवाई की तारीख तय कर दी। हाईकोर्ट की टिप्पणी इसी बात को उजागर करती है कि छात्रा कोई अपराधी नहीं है और राज्य की अतिवादी प्रतिक्रिया इस तरह से तो लोगों

> **सोशल मीडिया पोस्ट पर पुणे की छात्रा की गिरफ्तारी और कॉलेज से निष्कासन के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी केवल महाराष्ट्र ही नहीं, देश की सभी सरकारों के लिए एक सबक है। हाईकोर्ट की टिप्पणी इस ओर ध्यान दिलाती है कि स्टूडेंट्स से जुड़े मामलों में ज्यादा संवेदनशीलता की जरूरत है क्योंकि दांव पर उनका भविष्य लगा होता है।**

को कट्टर बना देगी। अदालत ने कहा, राज्य इस तरह से किसी छात्रा को कैसे गिरफ्तार कर सकता है?

क्या राज्य चाहता है कि छात्र अपनी राय व्यक्त करना बंद कर दें? राज्य की ओर से इस तरह की कटरपंथी प्रतिक्रिया व्यक्ति को और अधिक कट्टरपंथी बनाएगी।

अदालत से जमानत मिलने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, छात्रा की परीक्षा बृहस्पतिवार को एक अलग कक्ष में आयोजित की गई है।

इस केस के दो पहलू हैं - सोशल मीडिया का इस्तेमाल और उस पर स्टेट का रिएक्शन। दोनों में ही संतुलन लाने की जरूरत है। ऑनलाइन बातों पर विवाद होता रहा है और कई मौकों पर सुप्रीम कोर्ट तक को दखल देना पड़ा है। इस साल अप्रैल में ही शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए कहा था कि मोरल पुलिसिंग न्यायपालिका का काम नहीं है। यह बात दरअसल पूरे सिस्टम पर लागू होती है।

# क्या कोविड-19 वापस आ रहा है? सतर्कता से ही होगा बचाव

स्वास्थ्य सतर्कता

**डॉ. चंद्रकांत लहारिया**



बीते दो हफ्तों में भारत में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है। 26 मई, 2025 को सक्रिय कोविड मामले दिसंबर, 2023 के बाद पहली बार एक हजार के पार पहुंच गए। इस समय देश भर से प्रतिदिन कोविड-19 के करीब सौ नए मामले सामने आ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे पड़ोसी देशों में भी कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।

कोविड-19 का मौजूदा छोटा वैरिएंट जेएन.1, ओमिक्रोन वैरिएंट (बीए.1.529.) का ही वंशज है। दरअसल, ओमिक्रोन चिंता का अंतिम वैरिएंट है, जो नवंबर, 2021 में पहली बार मिला था। दूसरे शब्दों में, वायरस में इतना परिवर्तन नहीं हुआ है कि उसके किसी उप-रूप को चिंता का विषय माना जा सके। जेएन.1 सबसे पहले लक्जमबर्ग में अगस्त, 2023 में मिला था और भारत में यह नवंबर-दिसंबर, 2023 में मिलना शुरू हुआ था। जेएन.1, जिसे पिरोला वैरिएंट भी कहते हैं, ज्यादातर दक्षिण एशियाई देशों और दुनिया के अन्य हिस्सों में कोविड-19 का आम तौर पर प्रसारित होने वाला वैरिएंट है। यद्यपि, जेएन.1 के कुछ नए उप-वंशज, जैसे एलएफ.7 व बीएन.1.8 भी मिले हैं। हालांकि, इन मामलों में कोई बड़ा चिकित्सकीय बदलाव नहीं आया है।

साथ ही वर्ष 2025 के मध्य की स्थिति पांच साल पहले की तुलना में बिल्कुल अलग है। भारत में सभी आयु वर्ग के लोग सार्स सीओवी-2 और ओमिक्रोन सहित कोरोना के विभिन्न वैरिएंट के संपर्क में आ चुके हैं। ज्यादातर वयस्क दो या ज्यादा कोविड-19 टीके लगवा चुके हैं। इसलिए, भारतीय लोगों में प्राकृतिक और टीके की वजह से प्रतिरोधक क्षमता है। अधिकांश लोग दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 में ओमिक्रोन वैरिएंट के संपर्क में आए थे। मौजूदा जेएन.1 वैरिएंट ओमिक्रोन परिवार का ही हिस्सा है, इसलिए लोगों की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहने की संभावना है। सवाल उठता है कि आखिर कोविड-19 के मामले क्यों बढ़ रहे हैं? इसका जवाब तीन वैज्ञानिक तथ्यों में निहित है। पहला, सर्वविदित है कि जब कोई वायरस लोगों में प्रवेश करता है, तो वह उनके बीच में ही रहता है। सार्स सीओवी-2 भारत और अन्य जगहों पर अब भी मौजूद है, फिर भी संक्रमण की दर काफी कम है। ऐसा लगता है कि एक पैटर्न उभर रहा है, जिसके तहत कोविड-19 भारत में हर आठ या नौ महीने में उभार दर्ज करता है। पूरी संभावना है कि इस बार भी यह मौसमी पैटर्न की वजह से बढ़ रहा है। दूसरा, सार्स सीओवी-2 आरएनए वायरसों की तरह है, जो अन्य प्रकार के वायरसों की तुलना में लगातार उत्परिवर्तन और आनुवंशिक परिवर्तनों के लिए जाने जाते हैं। यद्यपि, प्रमुख वैरिएंट जेएन.1 ही बना हुआ है, तथापि कुछ नई उप-वंशावलियां भी सामने आई हैं, जो वृद्धि का कारण बन रही हैं। तीसरा, बीते सप्ताह भारत और अन्य देशों में मामलों की वृद्धि होने पर कोविड-19 की जांच बढ़ा दी गई है। इसलिए हम जो उछाल देख रहे हैं, वह कोविड-19 परीक्षण और निगरानी में वृद्धि के कारण है यानी ज्यादा लोगों की जांच की वजह से उनमें संक्रमण का पता चल रहा है। सवाल है कि यदि हमारे अंदर प्राकृतिक संक्रमण और टीके की वजह से

> **कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रोन का वंशज है। दिसंबर, 2022 से जनवरी, 2023 के बीच ज्यादातर भारतीय इसके संपर्क में आ चुके हैं। फिलहाल इसके जो मामले आ रहे हैं, उससे ज्यादा तो इस मौसम में टीबी, इन्फ्लुएंजा और सांस संबंधी बीमारी के आते हैं। ऐसे में, चिंता करने के बजाय नियमित स्वास्थ्य देखभाल करते रहें।**

प्रतिरोधक क्षमता है और यह वायरस भी नया नहीं है, फिर इसमें वृद्धि क्यों हो रही है। दरअसल, न तो प्राकृतिक संक्रमण और न ही टीके से प्रेरित प्रतिरोधकता संक्रमण से बचाव करती है। ये मामले कुछ हद तक यही संकेत करते हैं कि लोग अपनी नाक और गले में कोविड-19 वायरस को लेकर चलते हैं। हालांकि, प्रतिरोधक कवच यह सुनिश्चित करता है कि इन्सान बीमार न हो या फिर कम से कम गंभीर बीमारी से तो बचा रहे। मौजूदा साक्ष्यों के अनुसार, अब तक गंभीर बीमारी का कोई मामला सामने नहीं आया है। हमें वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में भी कोविड-19 के मामलों की समीक्षा करने की जरूरत है। कोविड-19 के मौजूदा स्वरूप से होने वाली बीमारी से ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। एक सौ चालीस करोड़ की आबादी में से प्रतिदिन करीब सौ मामले ही मिल रहे हैं। कोविड-19 की तुलना में टीबी, इन्फ्लुएंजा और सांस संबंधी बीमारी के ज्यादा मामले मिलते हैं। कोविड-19 के कारण एक-दो मौतें भी हुई हैं, लेकिन इनमें से जिन लोगों की मौतें हुई हैं, उन्हें पहले से भी कई समस्याएं थीं, बस फर्क इतना था कि इसी बीच वे कोरोना संक्रमित भी हो गए। भारत में प्रतिदिन करीब तीस हजार लोगों की मौत वृद्धावस्था या अन्य स्वास्थ्य संबंधी कारणों से होती है। इस पृष्ठभूमि में, कोविड-19 दूसरी बीमारियों की तुलना में कम गंभीर है, जिन्हें अधिक प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। कई लोग कोविड-19 वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक के बारे में भी सवाल कर रहे हैं। भारत में ज्यादातर लोगों को प्राकृतिक और टीके की वजह से मिश्रित प्रतिरक्षा मिली हुई है। रोग-प्रतिरोध का स्तर कम हो सकता है, लेकिन प्रतिरक्षा प्रणाली की मेमोरी सेल भविष्य की गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रतिक्रिया करने के लिए प्रोग्राम की जाती हैं। भारत में किसी भी आयु वर्ग में अतिरिक्त कोविड-19 टीके की जरूरत नहीं है। इसलिए कोविड-19 के बजाय जिन्हें उच्च जोखिम हैं, उनको फ्लू या फिर चिकित्सक द्वारा बताए जाने वाले दूसरे टीके लगवाने चाहिए। फिलहाल, किसी यात्रा परामर्श या किसी रोकथाम उपाय की जरूरत नहीं। शायद इसकी जरूरत भी नहीं पड़ेगी। यदि आपको खांसी, जुकाम और बुखार या सांस की कोई बीमारी है, तो खांसते व छींकते वक्त अपनी नाक और मुंह को हमेशा ढककर रखें। चिकित्सक को दिखवाएं। अपनी सेहत का अच्छे से ख्याल रखें और पहले से कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, तो उसका इलाज जारी रखें। एशिया में कोविड-19 में वृद्धि श्वसन वायरस के व्यवहार के अनुरूप है। यह कोई असामान्य बात नहीं है, बल्कि अपेक्षित ही है। रिपोर्टों के अनुसार, बीते कुछ वर्षों से सार्स सीओवी-2 के मामलों में हर छह से नौ महीने में कम या ज्यादा वृद्धि देखी गई है। फिलहाल, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। बस आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इन पर नजर रखे। नागरिक स्वस्थ दिनचर्या और श्वसन संबंधी शिष्टाचार का पालन करें। वास्तव में, यह हमें याद दिलाता है कि हमें जितना संभव हो सके श्वसन संबंधी बीमारियों से खुद को बचाना चाहिए। भारत के लिए, सरकार और नागरिक, दोनों दृष्टिकोण में संतुलन की जरूरत है-न तो इसके जोखिम को हल्के में लें और न ही दहशत फैलाएं। सबसे जरूरी यह है कि किसी भी तरह की अफवाह से खुद भी बचें और इसे फैलाने से भी बचें।

# नारी सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर अहिल्याबाई होल्कर

300वीं जयंती पर विशेष

**भावना अपराजिता शुक्ला**



> **आसान नहीं होता सत्ता के कठोर अपरिहार्य चलन को टकेल कर, ममता को बरकरार रखते हुए सामाजिक रुढ़ियों को तोड पाना। रानी अहिल्या बाई होल्कर की न्याय प्रियता, शासन संचालन और धार्मिक कार्यों पर बहुत कछ लिखा गया। लेकिन हम बात करेंगे देवी अहिल्या के नारी उत्थान की दिशा में किए गए दूरदर्शी कार्यों की।**

रानी अहिल्या बाई होल्कर महिला सेना का गठन करने वाली उस दौर की शायद प्रथम ही शासक थी। इतना ही नही युद्ध में मारे गए सैनिकों की विधवाओं को सामाजिक और आर्थिक रुप से सक्षम बनाने की पहल उन्होंने ही की। देश में पहली बार विधवा पेंशन की शुरुआत हुई। यही वजह है कि चार सदी बीत जाने के बावजूद भी रानी अहिल्या आज भी प्रासंगिक है। पाखंडी धर्मवेताओं के विरोध को अकाट्य तर्को को चुनौती देने से भी नही चूकीं रानी अहिल्या और इस तरह समाज के बड़े वर्ग को महिला शिक्षा का अधिकार दिलवाया। कानून का पालन करवाने में महज कड़क रुख नहीं अपनाया, वरन नए कानूनों की ईबारत लिखी जो आज भी अनुकरणीय है। मसलन, विधवा संपति जप्त होने के कानून को समाप्त किया, विधवा पेंशन लागू की, सती प्रथा को समाप्त किया और महिलाओं के रोजगार की चिंता कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। उनके द्वारा स्थापित माहेश्वरी साड़ी का उद्योग आज भी कई परिवारों की रोजी रोटी है। खासकर महिलाएं इसे बखूबी चला रही है। जहां तक बात है पेंशन की तो उस समय यह कानून था कि, अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न हो, तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपनी पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया। महिलाओं के उत्थान के लिए और लड़कियों को अच्छी शिक्षा के साथ रोजगार मिले इसके लिए भी काफी कार्य किए। महाराष्ट्र के चौंडी (वर्तमान में अहमदनगर जिले) गांव के एक साधारण परिवार में अहिल्या का जन्म हुआ था। इस छोटी सी बालिका ने बड़े बड़े योद्धाओं को धूल चटाई। लेकिन जनता के प्रति राजकाज की कठोरता को कभी हावी नही होने दिया। भले ही अहिल्या ने मालवा प्रांत की सूबेदारी का रसूख और रुतबा पाया लेकिन अपने अंदर के ममत्व को जनता के खातिर खोल कर रख दिया। निजी जीवन के मृत्यु तुल्य दर्द, जब पति खांडेराव होल्कर की असामयिक मृत्यु हुई हो महज 19 वर्ष की उम्र में ही वे विधवा हो जाना या फिर पुत्र का उम्मीद पर न उतरना, का असर रानी अहिल्या ने कभी अपने शासन संचालन में नहीं पड़ने दिया। सन् 1766 ई में वीरवर ससुर मल्हारराव भी चल बसे। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से एक महान साया उठ गया। और इस तरह उन्हें अकेले शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। एक साध्वी की भांति राजवाड़ा स्थित गद्दी पर निर्विकार भाव से संचालन किया। जिस बात को द्योतक है शिवलिंग को राजगद्दी पर विराजित कर राज्य की कारवाई करना, न कि खुद उस गद्दी पर बैठना। जहां तक हो सका शक्तिशाली अहिल्या बाई ने युद्ध के बजाय सुलह को तवज्जो दी। उनके अनुसार जीत किसी भी हो, उजड़ता एक नारी का घर ही है। राजा राघोवा पेशवा ने युद्ध का इरादा कर सेना को मालवा पर खड़ा कर दिया। इस युद्ध का समाधान अहिल्याबाई ने मात्र एक पत्र से ही कर दिया। इस पत्र में महारानी ने लिखा था कि मेरे पूर्वजों के बनाए और संरक्षित किए राज्य को हड़पने का सपना राघोबा आप मत देखिए। अगर आप आक्रमण के लिए आमादा हैं तो आइए, द्वार खोलती हूं। मेरी स्त्रियों की सेना आपका वीरता से सामना करने को तैयार खड़ी हैं। अब आप सोचिए। आप को हार मिली तो संसार क्या कहेगा, राघोबा औरतों के हाथों हार गया। अगर आप जीत भी गए तो आपके चारण और भाट आपकी प्रशंसा में क्या गाएंगे? राघोवा सेना लेकर आया, एक विधवा और पुत्र शोक में आकुल एक महिला को हराने ताकि अपना लालच पूरा कर सके। पेशवाई किसे मुंह दिखाएगी? इतना जानकर पेशवा ने अपना इरादा बदल दिया। लेकिन जब बहुत आवश्यक हुआ तो तीरंदाज और तलवार बाजी में कई योद्धाओं को मात देने वाली देवी अहिल्या ने मालवा की जनता के खातिर अपनी महिला सेना के साथ, कई युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लखेरी, मंदसौर और पानीपत के युद्धों में मराठा सेना का नेतृत्व किया। 1793 में लखेरी के युद्ध में जीत हासिल की। मंदसौर का युद्धः अहिल्याबाई ने मंदसौर के युद्ध में भी मराठा सेना का नेतृत्व किया और इस युद्ध में भी सफलता प्राप्त की। मराठा शासिका अहिल्याबाई ने पानीपत के युद्ध में भी मराठा सेना का नेतृत्व किया। जनता का हित, युद्ध को अपनी चतुराई से तो कभी शौर्य से टाल कर अनगिनत माताओं की कोख और कई सुहागनों के सिंदूर मिटने से बचा लिया। उनके शांत और शौर्य से ओतप्रोत जीवन का प्रतिबिंब महेश्वर का किला आज भी जब चांदनी में नहाता है तो दूर दूर से पर्यटकों का मन मोह लेता है। एक अलग ही तरह का सुकुन महसूस करते है आंगुतक । इस किले के सामने अतिसुंदर शांत लेकिन चंचल मां नर्मदा की लहरे -मां अहिल्या के सकारात्मकता से भरे विचारों और कार्यों की कहानी बयां करती है। यही वजह है शायद निमाड़ जहां के ग्रीष्मकाल के दिन रात भयंकर गर्मी के लिए जाने जाते है, तापमान 45 डिग्री तक छू जाता है लेकिन इसके बावजूद लोग दूर दूर के शहरों गर्मी में इस किले के सामने मां नर्मदा के तट सुकुन पाते है क्योंकि वहां रानी अहिल्या की नही मां अहिल्या के मातृत्व भाव की ठंडक है, सकारात्मकता का संचार हो रहा है।

प्रसंगवश

## विश्वविद्यालयों पर पड़ी डोनाल्ड ट्रंप की वक्र दृष्टि

> **दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।**

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरु होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे। दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इजराइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था, न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

## ॥गीता॥



**श्लोक : पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनञ्जयः।**
**पौण्ड्रं दध्मौ महाशंख भीमकर्मा वृकोदरः॥**

**भावार्थ :** श्रीकृष्ण महाराज ने पाञ्चजन्य नामक, अर्जुन ने देवदत्त नामक और भयानक कर्मवाले भीमसेन ने पौण्ड्र नामक महाशंख बजाये।

जीवन दर्शन

## भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को सकारात्मक दिशा में मोड़ें



सच्चे सफल व्यक्ति वे होते हैं जो उद्दीपन (परिस्थिति) और प्रतिक्रिया (हमारी भावनाएं) के बीच के अंतर को समझते हैं और बार-बार एक उन्नतिशील तरीके से प्रतिक्रिया देने का सचेत निर्णय लेते हैं। हम विक्टर फ्रेंकल के कठिन जीवन से यह सीख सकते हैं। वक्टर फ्रेंकल ऑस्ट्रिया में एक यहूदी मनोवैज्ञानिक थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब हिटलर ने यहूदियों पर अत्याचार किया और उन्हें यातना शिविरों में डाल दिया, तो फ्रेंकल को सबसे भयानक शिविर, ऑशविट्ज़, में भेजा गया था। उन्हें अपनी पत्नी और बेटियों से अलग कर दिया गया था और बाद में पता चला कि उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्होंने अपने भयावह अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा-- हम रात भर चलते थे, नग्न, यह जाने बिना कि हम कहां जा रहे हैं, और इस बात की भी अनिश्चितता होती थी कि क्या हम अगले दिन जीवित रहेंगे या नहीं। इन दर्दनाक परिस्थितियों में, विक्टर फ्रेंकल ने एक ऐसी स्वतंत्रता की खोज की जिसे कोई उनसे छीन नहीं सकता था - वह स्वतंत्रता थी अपने भीतर के मनोदशा को चुनने की। उन्होंने फैसला किया - मैं खुश और प्रसन्न रहूंगा। उन्हें अक्सर मुस्कुराते और यहां तक कि हंसते हुए देखा जाता था। उनके साथी कैदी पूछते थे, आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? वे कहते थे, यह मेरा चयन है। इस तरह उन्होंने इस डरावने अनुभव को सहन किया और जब उन्हें जेल से रिहा किया गया, तो दुनिया को अपनी खोज के बारे में बताने का निर्णय लिया। उनकी खोज यह थी। चाहे बाहरी परिस्थिति कैसी भी हो, हम अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा में मोड़ते हैं, तो समाज में स्वीकार्य बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। सकारात्मक सोच हमारे कार्य और परिणामों को प्रभावित करती है, जिससे हम अपने जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं। जब हम अपने मन में आशा और विश्वास का दीप जलाते हैं, तो जीवन को संवारने के साथ समाज में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इसलिए हमें अपनी प्राचीन परंपराओं और ग्रंथों से प्रेरणा लेकर सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। जब हम आशावादी दृष्टिकोण अपनाते हैं, तो जीवन की हर कठिनाई हमें नए अवसर के रूप में दिखाई देने लगती है। यही सकारात्मक सोच की शक्ति है, जो जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

**- संजय तेवतिया**

# राहुल की पाठशाला में भाजपा को हराना सीखेंगे कांग्रेसी

## तीन जून को भोपाल आएंगे राहुल गांधी, सात घंटे के प्रवास में कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस सत्ता पर बैठी भाजपा को चुनावी लड़ाई में कैसे हराए इसकी राहुल गांधी अपने नेताओं, विधायकों और राज्यसभा सांसद को टिप्स देंगे। इसके लिए भोपाल में 3 जून को राहुल गांधी की पाठशाला पीसीसी से लेकर रविन्द्र भवन में लगाई जाएगी। इस दिन राहुल तकरीबन 7 घंटे भोपाल प्रवास पर रहेंगे। दरअसल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने भोपाल आ रहे हैं। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 50 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, जिन्हें जिलों तक पहुंचकर वहां कांग्रेस की हकीकत के बारे में जानकारी लेनी है। ये ऑब्जर्वर देश के अलग-अलग प्रांतों के होंगे, उन्हें भाषाई असुविधा न हो, इसके लिए प्रदेश स्तर से हर जिले के लिए 5 सहयोगी ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। एआईसीसी द्वारा जो 50 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, उनमें कई सांसद, विधायक और पूर्व मंत्री हैं। इनके द्वारा पूरे प्रदेश में निचले स्तर तक कांग्रेस की हकीकत का पता लगाया जाएगा। उनके द्वारा मौजूदा पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक से लेकर पुराने नेताओं के बारे में भी संपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी। उनके इस काम में सह पर्यवेक्षक मदद करेंगे, लेकिन वो पर्यवेक्षकों के निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं कर पाएंगे। जानकारों की मानें तो 31 मई को जबलपुर में कांग्रेस की जयहिन्द रैली के बाद सहयोग पर्यवेक्षकों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद सभी पर्यवेक्षकों को जिलों का आवंटन किया जाएगा और फिर उन्हें सह पर्यवेक्षकों के साथ राहुल गांधी 1 घंटे तक बंद कमरे में चर्चा करेंगे। बताया गया है कि यह चर्चा प्रदेश कांग्रेस दफ्तर के राजीव गांधी सभागार में होगी।






### कमलछाप कांग्रेसियों की पहचान व जिलाध्यक्षों के लिए चेहरे दूढ़ेगी टीम

बताया गया है कि ऑब्जर्वर की यह टीम प्रदेश भर के ऐसे कांग्रेसियों को चिन्हित करेगी जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की राजनीतिक मदद करते रहते हैं। यह टीम पुराने उन कांग्रेसियों की भी खोज करेगी, जिन्होंने पूर्व में पार्टी को मजूबत बनाया है, लेकिन कालांतर में किसी वजह से पार्टी के हाशिए में चले गए हैं। पर्यवेक्षक अपने जिलों के प्रवास के दौरान ऐसे कार्यकर्ता की खोज भी करेंगे, जिन्हें जिला संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जा सके। इसके लिए ऑब्जर्वर दावेदारों की विचारधारा,उनके काम करने की शैली,कार्यकर्ताओं की बीच उनकी पकड़,उनकी सामाजिक गतिविधियां और उनकी मौलिक पहचान के बारे में पता लगाएंगे। ये सभी रिपोर्ट दिल्ली भेजी जाएगी। इसके बाद जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की जाएगी।

### सीधे एआईसीसी को जाएगी रिपोर्ट

प्रवास के दौरान सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार के जिले की रिपोर्ट सीधे ऑनलाइन दिल्ली भेजेंगे। रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तक पहुंचेगी। इस रिपोर्ट का एआईसीसी के विशेषज्ञ मंथन करेंगे और फिर मध्यप्रदेश के लिए कांग्रेस रणनीति तैयार करेगी। उल्लेखनीय है कि संगठन सृजन अभियान शुरू करने वाला मध्यप्रदेश गुजरात के बाद दूसरा राज्य है।

### एक घंटे का समय रहेगा आरक्षित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 3 जून को सुबह 10:30 बजे पीसीसी दफ्तर पहुंचेंगे, जहां 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक लेंगे। इसके तत्काल बाद दोपहर 12:30 तक विधायकों, राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक और फिर अगले एक घंटे तक उनकी नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ चर्चा होगी। दोपहर 1:30 से 2:30 बजे तक राहुल गांधी का समय आरक्षित रखा गया है। यहां से राहुल रवीन्द्र भवन पहुंचेंगे, जहां वे 2:30 से 4 बजे तक मुक्ताकाश मंच पर आयोजित पीसीसी डेलीगेट्स, जिलाध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों के अधिवेशन में भाग लेंगे।

### राहुल रखेंगे नवसृजन की आधार शिला : जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राहुल के भोपाल प्रवास की जानकारी अपने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। उन्होंने लिखा कि अब बहुप्रतीक्षित क्षण आ गया है, जब राहुल गांधी मध्यप्रदेश में कांग्रेस संगठन के नवसृजन की आधारशिला रखेंगे। आगामी 3 जून को भोपाल में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, प्रदेश कार्यकारणी, प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति तथा सभी जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि यह आयोजन संगठनात्मक पुर्नगठन और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जो आगामी समय में पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।



सामाजिक न्याय विभाग ने जारी किए निर्देश

# कलेक्टर को मिला दिव्यांगों के अनुदान का अधिकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सामाजिक न्याय विभाग ने सभी कलेक्टर को दिव्यांगों के अनुदान के मामले में अधिकार प्रदान कर दिए हैं। इसी तरह वरिष्ठजन आश्रम एवं दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों के संचालन और इनके कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान भी कलेक्टर के निर्देश पर निराश्रित निधि से किया जाएगा। इसके लिए सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर द्वारा जारी निर्देश में साफ किया गया है कि अगर तय राशि का भुगतान नहीं किया जाता तो इसे वित्तीय अनियमितता माना जाएगा। निर्देश में कहा गया है कि राज्य की निराश्रित निधि से सभी जिला कलेक्टर ब्याज की राशि से 2 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में कार्यरत अमले को मानदेय का भुगतान एवं वरिष्ठ आश्रम के कर्मचारियों के मानदेय के साथ-साथ वरिष्ठ आश्रम को अनुदान का भुगतान उक्त राशि से ही किया जाएगा। यह राशि निराश्रित निधि के मूलधन की राशि से किए जाएंगे।

### शिक्षकों को चौथा वेतनमान देने शासन को भेजा प्रस्ताव

मध्यप्रदेश के तकरीबन डेढ़ लाख शिक्षकों को जल्द ही चौथा वेतनमान मिल सकता है। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर मुख्य सचिव के पास भेज दिया है। जहां से सहमति मिलने पर इन शिक्षकों के वेतन में तीन से सात हजार रुपए का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों को चौथा वेतन मान देने के लिए सहमति जताई थी। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कर इसके लिए सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग से भी मंजूरी ले ली। अब यह प्रस्ताव मुख्य सचिव के कार्यालय को भेजा गया है। कहा जा रहा है कि सैद्धांतिक सहमति के बाद प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। जहां से मुहर लगते ही पात्र शिक्षकों को चौथा वेतन मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। बताया गया है कि पहले स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को क्रमोन्नति का हवाला देते हुए चौथे वेतनमान का लाभ देने से इंकार कर दिया था। जबकि दूसरे विभागों में इसे लागू कर दिया था।

# वोकल फॉर लोकल स्वाबलंबन के लिए प्रभावी: सीएम



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के विचार को साकार करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह हमारी पारंपरिक शिल्प कला, लोक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। वोकल फॉर लोकल का विचार स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाते हुए कारीगरों की आत्मनिर्भरता और उनके स्वाबलंबन के लिए भी प्रभावी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को भोपाल हाट में क्राफ्टरूट्स हस्तशिल्प प्रदर्शनी के शुभारंभ के पश्चात संबोधन दे रहे थे। इस मौके पर उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उपस्थिति रहीं। डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज ने भोपाल और इस संपूर्ण अंचल को विशेष पहचान दी है। देश लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मना रहा है। देवी अहिल्याबाई ने महिला स्वावलंबन व महिला सशक्तिकरण के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी भी महिला स्वावलंबन की दिशा में सार्थक कदम है। इस दृष्टि से इस प्रदर्शनी का शुभारंभ महिला सम्मेलन के आरंभ का प्रतीक ही है। प्रदेश के विभिन्न अंचलों के हस्तशिल्प की अपनी विशेष पहचान और आभा है। ऐसी प्रदर्शनियों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर के उत्पादों की ख्याति दूर-दूर तक फैलती है और कारीगरों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर मिलता है।

### संस्कारों को भी समझें बेटियां : राज्यपाल

पत्रकारों से चर्चा करते हुए यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि लव जिहाद जैसी घटनाओं पर आज हर परिवार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने युवतियों से आग्रह किया कि वे जीवनसाथी चुनते समय चेहरे और कपड़ों से प्रभावित न हों, बल्कि सामने वाले व्यक्ति के विचार, खानपान और पारिवारिक संस्कारों को भी समझें। राज्पाल ने कहा कि बेटियों को समझना पड़ेगा कि वो जिनके संपर्क में हैं, उनके विचार क्या हैं, क्या खाते हैं, उनके घर के संस्कार क्या हैं। सिर्फ अच्छा चेहरा और कपड़े देखकर कोई अच्छा नहीं हो जाता। पति या पत्नी के चयन का निर्णय सोच-समझकर लेना चाहिए।

### आपराधिक मामले वापस नहीं ले पाएगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के 43 आपराधिक मामलों को वापस लेने के विवादास्पद फैसले को खारिज कर दिया है, जिसमें 2022 हुबली दंगे से जुड़े केस और कई प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंधित मामले शामिल हैं। चीफ जस्टिस एनवी अंजारिया और जस्टिस केवी अरविंद की डिवीजन बेंच ने बेंगलुरु स्थित अधिवक्ता गिरीश भारद्वाज द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में कार्यकारी आदेश के माध्यम से गंभीर आपराधिक आरोपों को वापस लेने के राज्य के कदम की वैधता और औचित्य को चुनौती दी गई थी। यह फैसला कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के लिए एक गंभीर झटका है।

# मध्यप्रदेश में जल्द दौड़ेंगी तीन नई ट्रेनें ग्वालियर-बैंगलुरु सफर होगा आसान

## रीवा से पुणे और जबलपुर-रायपुर ट्रेन भी चलेगी, रेल मंत्री ने की घोषणा, रतलाम- नागदा रेल ट्रेक होगा फोर लेन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र के रेल यात्रियों का सफर अब और भी आसान होने वाला है। जल्द ही प्रदेश के तीन बड़े शहरों से तीन नई ट्रेनें चलेंगी। जो देश के अलग अलग शहरों को जोड़ेंगी। यह घोषणा गुरुवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। रेल मंत्री वैष्णव गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मप्र में रेल परियोजनाओं की जानकारी दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले रतलाम-नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन के प्रोजेक्ट की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने तीन नई ट्रेनों की घोषणा की और बताया कि अगले दो महीने में तीनों ट्रेन शुरू हो जाएंगी। इनमें पहली ट्रेन रीवा से पुणे के लिए, दूसरी ट्रेन जबलपुर से रायपुर के लिए और तीसरी ट्रेन ग्वालियर से बैंगलुरु के बीच चलेगी। उक्त तीनों ट्रेनों के लिए मप्र से लगातार डिमांड आ रही थी।




### रतलाम-नागदा चौथी रेल लाइन प्रोजेक्ट पर 1018 करोड़ होंगे खर्च

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रतलाम और नागदा के बीच अभी रेलवे की दोहरी लाइन प्रणाली है। यहां तीसरे और चौथे ट्रेक की मंजूरी मिल गई है। कुल 41 किलो मीटर के इस प्रोजेक्ट के लिए 1018 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वर्ष 2029-30 तक यह परियोजना पूरी हो जाएगी। रेल मंत्री ने बताया कि रतलाम जंक्शन से चारों दिशाओं ट्रेनें जाती हैं। यहां ट्रेक की संख्या बढ़ाने से यात्री और मालगाड़ियों की स्पीड भी बढ़ेगी और समय भी कम लगेगा। परियोजना के तहत रतलाम से नागदा तक की 41 किलोमीटर दूरी को चार लाइनों में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे इस मार्ग पर लाइन उपयोगिता दर 116 प्रतिशत से घटकर 65 प्रतिशत रह जाएगी। इससे न केवल पश्चिम तटीय बंदरगाहों जैसे कांडला, मुंद्रा, पिपावाव, हजीरा, दहेज आदि से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को भी तीव्र लाभ मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 6 स्टेशन, रतलाम जंक्शन, बैंगरोड, रनखेड़ा, खाचरोद, बेरावन्या और नागदा जंक्शन शामिल होंगे। 70 फुट ओवर ब्रिज, 5 बड़े पुल, 3 रेलवे ओवरब्रिज एवं 15 अंडरब्रिज बनाए जाएंगे। कवच जैसी आधुनिक सिग्नल प्रणाली एवं 160 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता से यह मार्ग सुसज्जित किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन में पहले ही वर्ष लगभग 38 करोड़ किलोग्राम की कमी आएगी, जो लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों के बराबर है।

### तीनों ट्रेनों से इन क्षेत्रों को होगा फायदा

1. **रीवा - पुणे एक्सप्रेस:** यह नई ट्रेन रीवा से जबलपुर होते हुए पुणे तक चलाई जाएगी। इससे विंध्य क्षेत्र से महाराष्ट्र की ओर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।
2. **जबलपुर - रायपुर एक्सप्रेस:** यह सेवा जबलपुर से नैनपुर और गोंदिया होते हुए रायपुर तक चलेगी, जिससे महाकौशल और छत्तीसगढ़ के बीच यात्री आवागमन में सुविधा और तीव्रता आएगी।
3. **ग्वालियर-केएसआर बेंगलुरु सिटी एक्सप्रेस:** यह ट्रेन ग्वालियर से गुना और भोपाल होते हुए बेंगलुरु तक संचालित की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश से दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी।

### कुंभ के लिए विशेष प्रावधान

रेल मंत्री ने वीसी के दौरान यह भी बताया कि उज्जैन में होने वाले कुंभ मेले में लोगों को किसी तरह की परेशानी हो, इसके लिए रेलवे द्वारा विशेष प्रावधान किए जाएंगे। जिसकी तैयारियां जल्द ही शुरू हो जाएंगी। ताकि देश भर से उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों की कमी न रहे और आसानी से रेलवे यातायात चलता रहे। इसके लिए कुछ छोटे छोटे नए रेल मार्ग बनाने पर विचार किया जा रहा है। आगामी दिनों में इस विषय पर उज्जैन में आकर एक बैठक करूंगा।

### प्रदेश में रेल विस्तार को मिलेगी गति: सीएम



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में रेल सुविधाओं के विकास और रेल नेटवर्क के विस्तार को गति प्रदान करने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी तरह संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। वर्तमान में देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। सीएम गुरुवार को को रेल परियोजनाओं की स्वीकृति से संबंधित पत्रकार वार्ता में पन्ना से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाते हुए प्रदेश में अलग-अलग रेलवे ट्रैक को विस्तार दे रही है। इसी क्रम में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने रतलाम से नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना को स्वीकृति दी है जो मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे मालवा अंचल में न सिर्फ रेल कनेक्टिविटी बढ़ेगी बल्कि अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। उन्होंने नई रेल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्निनी वैष्णव का आभार माना।

## पीएम का भोपाल दौरा आज

मंच पर दो महिला चिकित्सक रहेंगी मौजूद, मोबाइल मेडिकल यूनिट भी रहेगी तैनात

# महिला चिकित्सकों के हाथ होगी स्वास्थ्य व्यवस्था

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन महासम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं। यह कार्यक्रम जंबूरी मैदान में होगा, जिसमें लगभग 1-2 लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस आयोजन की खासियत यह है कि मंच संचालन, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाएं महिलाओं के हाथों में होंगी। इसी कड़ी में एक और जिम्मेदारी महिलाओं के खाते में जुड़ गई है। पीएम मोदी की स्वास्थ्य व्यवस्था का जिम्मा भोपाल की दो महिला डॉक्टरों के पास रहेगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वय डॉ. पूनम श्रीवास्तव और डॉ. रचना मिश्रा को शासन ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। आपको बता दें कि पीएम की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक समर्पित केंद्रीय चिकित्सा टीम हमेशा उनके साथ रहती है, लेकिन स्थानीय चिकित्सक और सुविधाएं अतिरिक्त सहायता प्रदान करती हैं। भोपाल जैसे कार्यक्रम में स्थानीय चिकित्सा संसाधनों का उपयोग आपातकालीन तैयारियों और भीड़ प्रबंधन के लिए किया जाता है, जबकि कोर टीम पीएम के व्यक्तिगत स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालती है।

### दोनों महिला चिकित्सकों के पास होगी ये जिम्मेदारी

**आपातकालीन चिकित्सा सहायता:** पीएम के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराना।
**निरंतर निगरानी:** कार्यक्रम स्थल पर पीएम की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखना और किसी भी संभावित स्वास्थ्य जोखिम का आंकलन करना।
**समन्वय:** स्थानीय चिकित्सा सुविधाओं, अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय करना ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।
**सुरक्षा प्रोटोकॉल:** भीड़, मौसम, या अन्य परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों (जैसे डिहाइड्रेशन, तनाव) से निपटने के लिए तैयार रहना।

### पीएम के लिए 4 यूनिट ब्लड रिजर्व

पीएम मोदी के भोपाल दौरे के मद्देनजर चार यूनिट ब्लड रिजर्व रखा गया है। प्रधानमंत्री के काफिले के साथ एम्स और गांधी मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम तैनात रहेगी। टीम में एनेस्थीसिया, मेडिसिन, सर्जरी, हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। आपात स्थिति के लिए दोनों अस्पतालों में आपरेशन थिएटर व 25 पलंग के आइसीयू रिजर्व किए गए हैं। पीएम के ब्लड ग्रुप से मैच ब्लड की चार चार यूनिट एम्स और हमीदिया में रिजर्व रखी गई हैं।

> पीएम मोदी का यह दौरा महिला सशक्तिकरण पर आधारित है। इसलिए इस बार हमने पीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा दो महिला चिकित्सकों को सौंपा है। पूरी स्वास्थ्य जिम्मेदारी का यही दो महिला डॉक्टर नेतृत्व करेंगी।
> ■ **डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ भोपाल

### नेहा सिंह राठौर केस की अगली सुनवाई 6 को

**लखनऊ, जेएनएन।** लोक गायिका व सोशल मीडिया एक्टिविस्ट नेहा सिंह राठौर को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से राहत नहीं मिली। नेहा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती दी थी, लेकिन न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 6 जून 2025 तय की है। नेहा पर सोशल मीडिया के जरिए सांप्रदायिक तनाव फैलाने और देश की अखंडता को नुकसान का आरोप है।

### लाक्षागृह-दरगाह मामले में कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**बागपत, जेएनएन।** बागपत के बरनावा गांव में स्थित लाक्षागृह और दरगाह मामले में अदालत ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। मुस्लिम पक्ष इस विवादित जगह को बदरुद्दीन की दरगाह कहता है जो 14वीं सदी के सूफी संत थे, जबकि हिंदू पक्ष का दावा है कि यह वही लाक्षागृह है, जिसका वर्णन महाभारत में है और जहां कौरवों ने पांडवों को जिंदा जलाने का प्रयास किया था। यह मामला अपर जिला सत्र न्यायालय बागपत में 55 वर्षों से विचाराधीन है। हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया कि उनके साक्ष्य मजबूत हैं और फैसला उन्हीं के पक्ष में आएगा।

# पिता से जमीन की लड़ाई हारी तो बेटी ने आत्महत्या की

**जागरण, विदिशा।** पिता से बीते दस सालों से चल रही जमीन की लड़ाई हाईकोर्ट में भी हारने से हताश दो बच्चों की मां ने चूहा मार दवा खाकर आत्महत्या कर ली। उल्टियां होने पर परिजन महिला को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विदिशा के लोहांगी मोहल्ले में जानकारी के अनुसार लोहांगी मोहल्ले में रहने वाली गायत्री नामदेव (40) का अपने पिता से 36 एकड़ में से तीन एकड़ जमीन को लेकर पिछले 10 सालों से विवाद चल रहा है। निचली अदालत में हारने के बाद मृतका ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट में भी उसके पक्ष में फैसला नहीं आ सका। 17 मई को आए हाईकोर्ट के फैसले के बाद से मृतका तनाव में थी। इसी तनाव में ने गुरुवार सुबह उसने घर में रखी चूहा मारने की दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उल्टियां होने लगीं। बेटी ने मां की हालत देखकर पिता संजय नामदेव को जगाया। गायत्री के पति सिलाई का काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। बेटा 12वीं कक्षा में और बेटी 9वीं कक्षा में पढ़ते हैं। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिसजांच कर रही है।

# ट्रांसफर कराने पीए ले रहा था रिश्वत, विधायक ने पकड़ा

**जागरण, अशोकनगर।** स्वास्थ्य अधिकारी का ट्रांसफर कराने के नाम पर रिश्वत ले रहे निज सहायक पीए को कांग्रेस के विधायक ने ही रंगे हाथों पकड़ लिया। कांग्रेस विधायक ने न केवल स्वास्थ्य अधिकारी की पूरी रकम वापस कराई, बल्कि कलेक्टर को लिखित में अपने पीए के खिलाफ शिकायत की है। जानकारी के अनुसार अशोक नगर से कांग्रेस विधायक हरिबाबू राय के पीए मनोज नामदेव ने एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का ट्रांसफर कराने का सौदा 50 हजार रुपए में तय किया था। इस महिला सीएचओ को अशोक नगर से गुना ट्रांसफर कराना था। सीएचओ के भाई अंकित जाट ने विधायक के पीए से इस संबंध में मुलाकात की थी। पीए नामदेव महिला अधिकारी के भाई से 30 हजार रुपए पहले ही ले चुका था। अंकित गुरुवार को बाकी के 20 हजार रुपए देने आया था, तभी विधायक ने उसे बुलाकर पूछताछ की और पूरा मामला सामने आ गया। बताया जाता है कि पीए द्वारा रिश्वत लेने की शिकायत किसी ने विधायक से कर दी थी। इस पर वे नजर रखे हुए थे, जैसे ही अंकित पैसे देने आया, कांग्रेस विधायक ने उसे पकड़ लिया।

**उपलब्धि** इस वित्त वर्ष के लिए मिला 33 हजार करोड़ का टारगेट, यह लक्ष्य हासिल करना रहेगा चुनौती

# मप्र-छग में लक्ष्य से 254 करोड़ ज्यादा आयकर मिला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आयकर सर्किल ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में टारगेट से अधिक राजस्व हासिल किया है। पिछले वित्त वर्ष के लिए केंद्र सरकार ने आयकर के लक्ष्य को संशोधित कर 32,300 करोड़ का राजस्व जुटाने के निर्देश जारी किए थे, इसके एवज में आयकर विभाग ने कुल 32,554 करोड़ का राजस्व कमाया है, जो टारगेट से 254 करोड़ अधिक है। टारगेट को पूरा करने वाले आयकर विभाग के एमपी, सीजी सर्किल को इस साल (2025-26) पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 700 करोड़ अधिक जुटाने के निर्देश मिले हैं। एमपी, सीजी सर्किल को इस साल 33,000 करोड़ का राजस्व टारगेट दिया गया है। इस टारगेट को हासिल करना भी इस बार विभाग के लिए कठिन चुनौती रहेगी क्योंकि केंद्र सरकार ने आयकर छूट का दायरा हालिया बजट में 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया है।

### फरवरी में घटाया गया था टारगेट




पिछले साल वित्त वर्ष की शुरुआत में आयकर के एमपी, सीजी सर्किल को कुल 36 हजार 500 करोड़ का टारगेट दिया था। यह टारगेट काफी ज्यादा होने की वजह से इसे इस साल फरवरी में रिवाइज कर दिया गया था। रिवाइज टारगेट में इसे कम करके 32 हजार 200 करोड़ कर दिया था। विभाग ने जैसे-तैसे पिछले वित्त वर्ष में इस लक्ष्य को हासिल किया है। हालांकि ये आंकड़ा 31 मार्च 2025 को खत्म हुए वित्त वर्ष के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को नहीं मिल पाया था, जिसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी थी। विभाग के तकनीकी सिस्टम में परेशानी के चलते वित्त वर्ष खत्म होने के लगभग दो माह बाद टैक्स कलेक्शन का यह डाटा आयकर विभाग को मिल सका है। हालांकि इस बार आयकर विभाग ने एमपी और सीजी सर्किल में टैक्स कलेक्शन बढ़ाने के लिए छापों और सर्वे से ज्यादा डाटा माइनिंग पर भरोसा जताया है। यही वजह है कि 1 अप्रैल 2025 से शुरू हुए नए वित्त वर्ष के दौरान अब तक एक भी प्रतिष्ठान या व्यक्ति पर आयकर का छापा नहीं डाला गया है।

### आईटीआर फाइल करने की तारीख बढ़ाई

विभाग ने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। इससे एमपी और सीजी सर्किल के उन करदाताओं को भी लाभ होगा जो अभी तक अपना इनकम टैक्स नहीं भर पाए थे। सीबीडीटी से मिली जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी गई है। डिपार्टमेंट ने यह फैसला आयकर की लिमिट 12 लाख किए जाने, रिटर्न फॉर्म में बदलाव, सिस्टम अपग्रेड करने जैसी वजहों से लिया है। सीबीडीटी के अनुसार 2025-26 के लिए जारी किए गए सभी इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म्स में बदलाव हुए हैं जिनका मकसद कर भरने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाना है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : 150 साल पुरानी बावड़ी का किया गया जीर्णोद्धार

## जानकी निवास मंदिर बिजावर स्थित बावड़ी का विधायक ने किया लोकार्पण



**बिजावर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्य किए जा रहे है। साथ ही स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, मरम्मतीकरण, गहरीकरण एवं साफ सफाई आदि कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिजावर में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहां स्थित श्री जानकी निवास मंदिर परिसर में लगभग 150 वर्ष पुरानी एक बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसका लोकार्पण शुक्रवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। यह जीर्णोद्धार कार्य न केवल प्राचीन धरोहर के संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र में जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि भी है। जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय से या उत्कर्ष कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम विजय द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव शर्मा, सीएमओ संतोष सेनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि यह बावड़ी सिर्फ एक जल स्त्रोत नहीं, बल्कि हमारी विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इसका जीर्णोद्धार हमें अपने पूर्वजों द्वारा निर्मित जल संरचनाओं के महत्व को समझने और उन्हें संरक्षित करने के लिए प्रेरित करता है। यह कार्य जनभागीदारी और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह लगभग डेढ़ सदी पुरानी यह बावड़ी अपने समय में बिजावर के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत थी। समय के साथ उपेक्षा और रख-रखाव की कमी के कारण यह जीर्ण-शीर्ण हो गई थी। जिसे अब नया जीवन दिया गया है। बावड़ी की सफाई, मरम्मत और उसके चारों ओर के परिवेश को व्यवस्थित करने का कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ किया गया है, ताकि यह भविष्य में भी क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक हो सके।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन पर गल्ला व्यापारी संघ के व्यापारी हुए सम्मानित



**छतरपुर।** बीते एक माह से शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर चल रहा था जिसका आज पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन जी की उपस्थिति में समापन हो गया है जिसमें प्रतिदिन शहर के हजारों छात्र छात्राएं लगातार कई वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण लेते आ रहे हैं इसी तारतम्य में प्रशिक्षण के उपरांत छात्र छात्राओं हेतु स्वल्पाहार में पानी में भीगे हुए अंकुरित चने,मूंग एवं मूंगफली दानों से बनी स्प्राउट छतरपुर के गल्ला व्यापारियों द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है साथ ही लगातार एक महीने तक शहर के *अनाज दलहन तिलहन व्यापारी संघ* के कुछ सक्रीय जुझारू व लगनशील व्यापारियों द्वारा स्प्राउट(अंकुरित दलहन) अपने हाथों से छात्र छात्राओं में बांटा जाता रहा एवं यह सिलसिला लगभग 6 वर्षों से लगातार चला आ रहा है व प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल प्रशिक्षण के समापन पर *खेल और युवा कल्याण विभाग* द्वारा ऐसे व्यापारियों का सम्मान छतरपुर पुलिस अध्यक्ष *श्री अगम जैन साहब* के करकमलों से कराया गया। अनाज दलहन तिलहन व्यापारी संघ के वर्तमान कोषाध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र सोनी द्वारा पिछले कई वर्षों से कुछ सक्रीय व्यापारियों के सहयोग से यह पुण्य कार्य किया जा रहा है इसमें संघ के लगभग ज्यादातर व्यापारी थोड़ा थोड़ा शुल्क इकट्ठा करके खड़े देशी चना,देशी मूंग,मूंगफली के दाने एकत्रित करते हैं फिर कुछ व्यापारी सुबह सुबह स्टेडियम जाकर प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं में बांटते हैं।

इस पुण्य कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ पुलिस अधीक्षक महोदय से सम्मान पाने वाले व्यापारी पुष्पेंद्र सोनी जी,राकेश साहू जी,देवेंद्र जैन जी,नरेंद्र अग्रवाल जी(लल्ला),महेश कथैल जी,भोले पिपरसानियां जी,बद्री अग्रवाल जी,हन्नु साहू जी,ज्ञानी गुप्ता जी(दलाल) आदि रहे।

# हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



## अवैध हथियार और मोटरसाइकिल जब्त

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर बीते दिन हुई गोलीबारी की घटना में सिविल लाइन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में उपयोग की गई 12 बोर की देशी अद्धी और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मिक चौबे ने बताया कि पुलिस को दो दिन पहले सागर रोड के पास गोली चलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। फरियादी की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मुखबिर की सूचना और एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी उत्तर प्रदेश के महोबा और बांदा जिले की ओर भागे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीछा किया और दोनों आरोपियों को बांदा जिले से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण उर्फ बिट्टू मिश्रा निवासी ग्राम उजरा, हाल निवासी सीताराम कॉलोनी, छतरपुर और राजवर्धन उर्फ राज उर्फ क्षितिज सिंह पिता जगदीप सिंह चौहान निवासी दुर्गा कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर देशी अद्धी और मोटरसाइकिल बरामद की। उन्होंने बताया कि बिट्टू मिश्रा का पूर्व में भी हत्या के प्रयास जैसे अपराधों में आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है, और मामले की विवेचना जारी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भोपाल में पीएम मोदी को सिंदूर के पौधे भेंट किये जायेंगे



## मण्डला जिले से 21 सिंदूर पौधों को लेकर रथ रवाना

**जागरण मंडला।** मण्डला जिले के समस्त नागरिकों की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के भोपाल आगमन पर सिंदूर के पौधे भेंट किये जाएंगे। मण्डला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा और जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने मंडला से सिंदूर के पौधे लेकर जाने वाले शक्ति सिंदूर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे। शक्ति सिंदूर रथयात्रा में मण्डला जिले से 3 महिलाएं भोपाल में 31 मई को होने वाले कार्यक्रम में प्रतिनिधि के रूप में शामिल हो रही हैं। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मण्डला जिले की ओर से मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सिंदूर का पौधा भेंट किया जाएगा। यह भेंट 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी को दर्शाने और प्रधानमंत्री जी के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि यह भेंट समस्त मण्डलावासी एवं जिला प्रशासन मण्डला की ओर से देश की सेनाओं के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन 16 जून तक

**छतरपुर।** जिला छतरपुर में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025 के लिए प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसमें पंजीयन त्रुटि सुधार तिथि को बढ़ाते हुए 16 जून 2025 तक किया गया। प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. संस्थान छतरपुर में बताया कि संस्थान छतरपुर में स्टेनो हिंदी की 48 सीटें, फितर की 20, विद्युतकार 20, डीजल मैकेनिक की 24, कारपेंटर की 24, कोपा की 48, मोटर मैकेनिक की 24, वेल्डर की 40 एवं चंदला में डीजल मैकेनिक की 20, कोपा की 24, फिटर की 20, विद्युतकार की 20, वेल्डर की 20, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन की 20 और बक्सवाह में विद्युतकार की 20, बिजावर में कोपा की 20 और बड़ामलहरा में डीजल मैकेनिक की 48, कोपा की 48, फिटर की 20, वेल्डर की 40, मोटर मैकेनिक की 24 और विद्युतकार की 20 सीटें रिक्त हैं।

# माहिष्मती समर किड्स कैम्प-2 का समापन



**जागरण मंडला।** नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट मंडला द्वारा माहिष्मती घाट में आयोजित किये जा रहे समर किड्स कैम्प-2 का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट उपस्थित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने समर कैम्प में शामिल हुए बच्चों से चर्चा की। बच्चों ने अधिकारी द्वय को समर कैम्प में की गई गतिविधियों के बारे में बताया। नन्हें-मुन्हे बच्चों ने समर कैम्प में अभ्यास किये वैदिक मंत्र भी सुनाए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कैम्प में भाग लेने वाले बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। समर कैम्प के इस द्वितीय बैच में कुल 81 बच्चों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मण्डला श्री हिमांशु भलावी, सीएमओ नगर पालिका परिषद श्री गजानन नाफड़े, नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के ट्रस्टी सदस्य, समर कैम्प के प्रशिक्षक, बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन हितग्राहियों को मिलेंगी विभिन्न योजनाओं की सुविधाएं



**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 मई से 01 जून 2025 तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में जनजातीय समुदाय के पात्र हितग्राहियों को आधार अद्यतन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, यदि किसी को अतिरिक्त बीमा सहायता की आवश्यकता है, तो उसका प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा।29 मई विकासखंड डिंडौरी, 30 मई विकासखंड शहपुरा, मेंहदवानी, 31 मई को विकासखंड समनापुर अमरपुर एवं 01 जून 2025 को विकासखंड बजाग एवं करंजिया में शिविर आयोजित होंगे। उपरोक्त शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, और संबंधित एडीएम शिविरों की निगरानी करेंगे। इसी के तहत आज जनपद पंचायत मेहंदवानी में जनकल्याण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें आधार अद्यतन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के 88 आवेदन निराकृत किए गए ।.

# खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर की लगातार कार्यवाहियां

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत 27 मई 2025 को 12 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 7 लाख 5 हजार 594 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

# दोहरी अंधी हत्या का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण डिंडोरी।** थाना करंजिया क्षेत्र में 21 मई 2025 को हुई दोहरी हत्या की सनसनीखेज वारदात का डिंडौरी पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में एक नाबालिग बालक की निर्मम हत्या कर दी गई थी, वहीं एक महिला को गंभीर रूप से घायल किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही करंजिया पुलिस द्वारा तत्काल अपराध क्रमांक 134/25 धारा 103(1), 238, 115, 109, 331(8) भादंवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दो विशेष टीम गठित की गई, जिसमें तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल की जाँच और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ के आधार पर जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एवं भौतिक प्रमाण मिले, जिनके आधार पर 27 मई 2025 को महिला की भी मौत हो गई, जिससे यह मामला दोहरी हत्या में परिवर्तित हो गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देशन में दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम ने स्थानीय स्तर पर आरोपियों की तलाश शुरू की, वहीं दूसरी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे क्षेत्र में जांच की। जांच के दौरान लगातार प्रयासों के बाद 29 मई 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। घटना की गंभीरता एवं पुलिस की त्वरित कार्यवाही को देखते हुए महानिरीक्षक बालाघाट जोन द्वारा आरोपी पर 20,000 रूपए का इनाम घोषित किया गया। इस मामले में थाना प्रभारी नरेंद्र पाल, सउनि साहिबा सिंह तिलगाम, प्रआरक्षक मुकेश प्रधान, आरक्षक रामनंदन सनोडिया, आरक्षक शिवपाल कौरव, आरक्षक जगदीश प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों की विशेष भूमिका रही।

# छापामार कार्यवाही, 71 लीटर कच्ची मदिरा जब्त



**जागरण मंडला।** जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत नैनपुर में मार्केट रोड पर मुखबिर की सूचना पर संदेहास्पद स्थिति में रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें संजना बर्मन निवासी पिंडरई के मकान पर हॉल और रसोई पर हांथभट्टी कच्ची मदिरा प्राप्त हुई। 71 लीटर मदिरा को जप्त कर उक्त आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 7100 रुपए है।

# पीएचई विभाग ने पेयजल स्त्रोतों का किया क्लोरिनेशन

**जागरण मंडला।** कलेक्टर मंडला श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में बारिश के पूर्व क्लोरिनेशन टीम द्वारा मंडला जिले के ब्लॉक मंडला के ठरका, बनियातारा, कन्हार, ब्लॉक मोहगांव के ग्राम झीना, ब्लॉक घुघरी के ग्राम खमतरा, बनेहरी ब्लॉक बीजाडांडी के ग्राम पोड़ी रैयत ब्लॉक बिछिया के ग्राम बम्हनी, पडरिया (डुकके टोला), खटोला, गुनेगांव, जगन्नाथर आदि में अभियान चलाकर पेयजल स्त्रोतों कुआं, हैंडपंप, ट्यूबवेल में जर्मेक्स डालकर क्लोरिनेशन कर ग्रामों से पंचनामा लिया गया। क्लोरिनेशन के दौरान ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों के पास स्वच्छता बनाए रखने, पानी की जांच करने, पाईप लाईन के लीकेज सुधार, शुद्ध पेयजल का उपयोग एवं जल संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट बनाने की समझाइश दी गई।

# खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जागरण डिंडोरी।** अनुविभागीय अधिकारी बजाग श्री रामबाबू देवांगन की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक तहसील कार्यालय बजाग में रखी गयी।बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति लाने तथा कार्यों की गुणवत्ता बनायें रखने हेतु नियमित मानीटरिंग करने ,मनरेगा बजट तथा मस्टर रोल की मानीटरिंग व समग्र ई के वाई सी की समीक्षा की गयी । सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन वितरण तथा तीन माहों का अग्रिम खाद्यान्न प्रदान करने ,स्वास्थ्य विभाग से वर्षा जनित बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं के भण्डारण तथा संक्रमण संभावित क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिये गये। पेयजल स्त्रोतों में दवा डालने ,पेयजल स्त्रोतों के आस पास सफाई रखने ,छात्रावासों में साफ सफाई तथा मीनू पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया । वन विभाग में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के सामुदायिक पट्टों में विस्तार से चर्चा की गयी।

शिक्षा विभाग को समय पर समस्त छात्रों तक पुस्तकें पहुंचाने तथा तथा शौचालय व अन्य निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व समय सीमा पूर्ण करने के निर्देश दिये गये ।

साथ ही उद्यानकी विभाग को वर्षा पूर्व पौधों की उपलब्धता रखने को निर्देशित किया गया । समीक्षा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ,महिला बाल विकास विभाग , स्वास्थ्य विभाग ,वन विभाग , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ,शिक्षा विभाग ,खाद्य विभाग ,उद्यानकी विभाग के खण्ड स्तरीय अधिकारी व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 05 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### आरोपियों द्वारा शाहनगर व रैपुरा थाना क्षेत्र में ट्रक एवं टैंकर से डीजल चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम

### आपोरियों के कब्जे से चोरी किया गया 380 लीटर डीजल कीमती करीब 36 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त कार कीमती करीब 07 लाख रुपये सहित 07 लाख 36 हजार का मशरूका जप्त



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना पुलिस ने सुनियोजित एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह रात्रि मे सुनसान राजमार्गों पर खड़े ट्रकों/भारी वाहनो से डीजल चोरी करने की वारदातों को अंजाम देता था। गिरोह द्वारा थाना शाहनगर एवं रैपुरा क्षेत्र मेंहाल ही में डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पिछले कुछ समय से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों विशेषकर शाहनगर एवं रैपुरा में सुनसान स्थानों पर खड़े ट्रकों/भाही वाहनो से डीजल चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी शाहनगर एवं थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे सायबर सेल टीम पन्ना को सम्मिलित करते हुये 02 विशेष संयुक्त पुलिस टीमो का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीमो द्वारा आपोरियो की लगातार तलाश पतारसी करते हुये घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, गिरोह के अंतर्राज्यीय नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए आसपास के जिलों से समन्वय स्थापित कर इनपुट जुटाए गए। अनुभवी मुखबिरों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई एवं समय-समय पर सूचनाएं एकत्र की गई जिसपर तकनीक साधनो एवं मानवीय सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियो की पहचानकर उक्त आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। दिनांक 29.05.25 को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पुनः डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हये योजना बनाकर कल दिनांक 30.05.25 को शाहनगर थाना क्षेत्र से घेराबंदी कर उचित समय पर दबिश देकर 05 आरोपियों को अभिरक्षा मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर आपोरियो द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने-अपने घरो से कार मे सवार होकर रात्रि करीब 12 बजे राजमार्गो मे निकलते है और ऐसे ट्रको/भारी वाहन जिनके ड्राइवर उनको सूनसान जगह पर किनारे लगाकर रात्रि मे विश्राम कर रहे होते है उन ट्रक/भारी वाहनो की पेट्रॉल टंकी के ढक्कन को हथौड़ी से तोड़कर उसमे सटक से डीजल निकालकर चोरी कर लेते है। पुलिस टीम द्वारा पांचो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये माननीय न्यालय पेश किया गया ।

**जब्त सामग्री**

⏭ चोरी किया गया 380 लीटर डीजल कीमती करीब 36 हजार रुपये। ⏭ घटना मे प्रयुक्त कार XUV 300, MPzyZA7603 । ⏭ हथौड़ी एंवं प्लास्टिक की सटक ।

**आरोपी :** राहुल लोनी पिता जीतराम लोनी उम्र 22 साल निवासी शिलपुरा थाना कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र.। मनीष उर्फ मनेश यादव पिता शिव प्रसाद यादव उम्र 19 साल निवासी लोढा थाना कोतवाली जिला उमरिया। शैलू उर्फ शैलेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी नगहरी थाना कोतवाली उमरिया। रविन्द्र लोनी पिता श्यामलाल लोनी उम्र 35 साल निवासी लोढा थाना कोतवाली जिला उमरिया। प्रकाश लाल पिता वैगलाल अगरिया उम्र 22 साल निवासी चेतगंज थाना कोतवाली जिला उमरिया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी शाहनगर, रैपुरा एंव सायबर सेल पन्ना पुलिस की संयुक्त टीमो ने त्वरित, तकनीकी दक्षता एवं बेह्तरीन तालमेल के साथ कार्य किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम की सराह्ना करते हुए 50 हजार रुपये के नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई।

**पुलिस की अपील :** पुलिस अधीक्षक पन्ना की ट्रक/भारी वाह्न चालको से अपीलहै कि सुनसान इलाकों में रात के समय अपने ट्रक खड़े कर विश्राम न करें एवं ट्रक खड़ा करने के लिए किसी सुरक्षित और रोशनी वाले स्थान का चयन करें। यदि किसी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की उपस्थिति का संदेह हो तो तुरंत 100-डॉयल या नजदीकी थाने को सूचित करें।

# बूथ लेवल ऑफिसर दिल्ली से ट्रेनिंग लेकर कल लौटेंगे



### कलेक्टर श्रोतिय रहे राज्य के नोडल अधिकारी

**जागरण, टीकमगढ़ ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा 25 जिलों के कलेक्टर को पत्र लिखकर प्रत्येक विधानसभा से एक बीएलओ को दिनांक 29 व 30 मई 2025 को दो दिवसीय प्रशिक्षण में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली भेजने हेतु लेख किया था। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य की ओर से नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी कलेक्टर टीकमगढ़ श्री विवेक श्रोतिय को सौंपी गई थी।इसी के तहत बूथ लेवल अधिकारी 43 विधानसभा से बृज गोपाल चतुर्वेदी, 46 विधानसभा जतारा से घनश्याम दास कुशवाहा, 47 विधानसभा खरगापुर से मुन्ना लाल अहिरवार बन्देभारत से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व राज्य के नोडल अधिकारी श्री विवेक श्रोतिय के साथ नई दिल्ली रवाना हुए थे। दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर दिनांक 31 मई 2025 शनिवार को दोपहर बन्देभारत से लौटेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विधानसभावार बीएलओ के आठवें दौर का प्रशिक्षण भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, द्वारका नई दिल्ली में आयोजित किया गया है।

# सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर पवई विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज



**जागरण, पवई ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी प्रस्तावित पवई विधानसभा दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मां कंकाली मंदिर, मां कलेही मंदिर परिसर एवं छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है, हालांकि कार्यक्रम की तिथि और समय अभी निश्चित नहीं किया गया है। मौसम की स्थिति को देखते हुए सभा स्थल एवं हेलीपैड के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए हनुमान भाटे पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य के प्रश्न पर कलेक्टर ने बताया कि यह मार्ग मां कलेही मंदिर के समीप से होकर बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जा चुका है और निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी, भाजपा पदाधिकारी, एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार प्रीति पंथी, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे

# तड़पती रही गर्भवती महिला फोन करने पर भी नहीं पहुंची स्त्री रोग डॉ मीना नामदेव

**जागरण, पन्ना।** ।जिला अस्पताल पन्ना में डॉक्टरों की लापरवाही से मौतों का सिलसिला लगातार। जारी है जिला अस्पताल पन्ना में डॉक्टरों की लापरवाही से आए दिन मौतें हो रही हैं। ऐसा की मामल फिर सामने आया है। घटना के संबंध में मृतिका के परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29-30 मई 2025 की रात श्रीमति रमन चौधरी पति प्रमोद चौधरी उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी अमानगंज को प्रसव के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर होने पर रात्रि लगभग 1.20 बजे जिला अस्पताल पन्ना लाया गया जहां कोई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं था। महिला को भर्ती कर नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना नामदेव को फोन किया गया पहले तो उन्होंने फोन नहीं उठाया लेकिन बाद में फोन उठाया और कुछ देर बाद आने की बात कही इस प्रकार लगातार पांच बार फोन करने के बाद भी वह नहीं पहुंची जिससे भोर सवेरे 5 बजे जच्चा-बच्चा की तड़प-तड़प कर मौत हो गई तब डॉक्टर मीना नामदेव अस्पताल पहुंची, महिला की मौत से परिजनों के आक्रोश की ज्वाला भड़क गई और परिजनों ने जिला अस्पताल प्रांगण में जमकर हंगामा किया। तथा परिजन होना ठोस आश्वासन मिलने के बाद हंगामा बंद किया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ डीपी प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच का आश्वासन दिया और तत्काल टीम गठित की लेकिन टीम में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को नियुक्त करने पर परिवार ने असंतुष्टि जताते हुए मामले की उच्च स्तरीय या मजिस्ट्रियल जांच करवाने की मांग की गई है। इस दौरान मौके पर अनुसूचित जाति नेता जीतेंद्र सिंह जाटव, जीवनलाल सिद्धार्थ, धूराम चौधरी सहित काफी संख्या में अनुसूचित जाति के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और अस्पताल प्रबंधन व डॉ मीना नामदेव के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना नामदेव पर गंभीर आरोप :** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना नामदेव पर घोर लापरवाही के आरोप लगाते हुए बताया गया है कि इनके द्वारा इस प्रकार लापरवाही बरतते हुए सैकड़ों मासूम जिंदगियों से खिलवाड़ किया गया है, शिकायतों पर जांच और कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है।

**फर्जी सोनोग्राफी सेंटर से सेटिंग कर मरीजों से ठगी करती है :** लोगों ने यह भी बताया है कि डॉ मीना नामदेव के द्वारा पन्ना नगर के सिविल लाइन इलाके में अवैध एवं फर्जी डिग्री के माध्यम से दिल्ली सोनोग्राफी केंद्र संचालित करने वाले डॉक्टर के पास लगभग सभी महिला मरीजों को सोनोग्राफी के लिए भेज कर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। अन्य किसी केंद्र से सोनोग्राफी करवाने पर डॉ मीना नामदेव के द्वारा मान्य नहीं किया जाता जबकि जिला अस्पताल पन्ना में भी सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में वह बंद पड़ी हुई है।

# व्यक्तिगत लड़ाई को दिया जा रहा जातिगत विवाद का रूप

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करणी सेना ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन




**जागरण, टीकमगढ़ ।** बीते दिनों टीकमगढ़ में दो पक्षों में विवाद का मामला सामने आया था। जिसमें एक पक्ष के मनोज यादव के साथ मारपीट की जा रही थी जिसका वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद यादव महासभा ने मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी और कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा को हटाए जाने की मांग की थी। वही दूसरे पक्ष का कहना था कि व्यक्ति मनोज यादव रात्रि करीब 12 बजे बका लेकर मारने की नियत से घर में घुसा था और हमले का प्रयास किया था जिससे घर के लोगो ने बचाव किया था वही घटना से संबंधित कुछ और भी वीडियो वायरल हुए जिसमें मनोज यादव बका लिए हुए दिखा था। फिलहाल मामले की पुष्टि नहीं की जा सकती है कि कौन सही और कौन गलत है यह पुलिस की जांच का विषय है। मामले को लेकर यादव युवक की पिटाई को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा था।जिसके बाद इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ने बताया था कि मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्यवाही की गई है और जो वीडियो वायरल हो रहे है उनकी जांचकर कार्यवाही की जाएगी लेकिन अब करणी सेना भारत ने मामले में ज्ञापन सौंपा है जिसमें बताया गया कि घटना दिनांक बाद से अनावेदका पक्ष द्वारा व्यक्तिगत मामले को समाजिक व जातिगत रंग देकर विभिन्न माध्यमों से निरंतर गंभीर घटना घटित करने धमकी दी जा रही है, साथ ही आगामी 02/06/2025 को यादव महासभा/ संगठन द्वारा पीड़ित परिवार के निवास का घेराव करने व परिवार को क्षति पहुंचाने की भी धमकियां दी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी धमकियों के स्कीन सोर्ट के आधार पर ऐसे तत्वों को चिहिन्त कर तत्काल प्रभाव में वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा की जाए। चुकि आपके संज्ञान में यह बात डालना भी उचित होगी की मनोज यादव जिस पर कई गंभीर आपराधिक मामले पूर्व से ही दर्ज है एंव पूर्व में जिलाबदर की कार्यवाही प्रशासन द्वारा प्रस्तावित की जा चुकी थी। इस पूरे घटना क्रम में आनंद सिंह गौर व करणी सेना भारत प्रदेश अध्यक्ष गोविंदप्रताप सिंह गौर का कहना है कि यह दोनों पक्षों का व्यापारिक और व्यक्तिगत मामला है मामले में सोशल मीडिया पर जातिगत आपत्तिजनक टिप्पणीया की जा रही है यह गलत दोनों ही पक्ष व्यक्तिगत रूप से कानून के दायरे में रहकर कार्यवाही करे।

# टीकमगढ़ के रहने वाले अरमान अहमद ने एमपीपीएससी में 66वीं रैंक ला कर बढ़ाया जिले का मान



**टीकमगढ़ ।** के रह्ने बाले अरमान अह्मद पिता राजू अह्मद निवासी शेखो का मोहल्ला ने एम पी पी एस सी में 66 बी रैंक लाकर टीकमगढ़ जिले और पुरे मोहल्ले का नाम रोशन किया है । अरमान अह्मद के माता पिता को अरमान अह्मद की मेह्नत पर पूरा भरोसा था अरमान अह्मद ने बताया मेह्नत ऐसे करो की पढ़ाई में जान लगा दो सफलता एक दिन जरूर मिलेगी । परीक्षा में चयनित होकर उन्होंने अपने मोहल्ले ही नही बल्कि समूचे टीकमगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए दिन रात एक कर कड़ा परिश्रम किया किसी ने कहा है कि कोसिस करने वालो की कभी हार नही होती उनकी मेह्नत इस बात को सत्य करती है। उनकी मेह्नत और लगन व समाज के लिए कुछ करने का जुनून रुका ही नही अंततःअरमान अह्मद की मेह्नत और समर्पण के परिणामस्वरूप भारत सरकार को अपनी सेवा देने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके बड़े बुजुर्गों और माता पिता का आशीर्वाद है एवं परिवार के सदस्य मित्रगण सभी का साथ और विश्वास मिला। उनकी इस सफलता को सुन कर बधाई व आशीर्वाद देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है परिवार व मित्रो में काफी उल्लास का माहैल है।शेखो के मोहल्ले के रह्ने बाले पत्रकार मोहसिन अह्मद ने भी उसकी मेह्नत को देख कर अरमान अह्मद का सम्मान किया ।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान : 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

**पन्ना ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के चयनित 108 ग्रामों में आगामी 15 से 30 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों की महत्वाकांक्षी योजनाओं से शत-प्रतिशत लक्षित हितग्राहियों को लाभांवित करना है। अजयगढ़ विकासखण्ड में 33, पन्ना में 24, गुनौर में 9, पवई में 16 और शाह्नगर विकासखण्ड में 26 ग्रामों का चयन प्रक्रिया शुरू है।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जय हिंद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**पन्ना ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकाली जा रही है इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के नेतृत्व में तथा देश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी राजभान सिंह पटेल भूपेंद्र राहुल की उपस्थिति मेंजय हिंद यात्रा पन्ना जिला मुख्यालय में निकाली गई उक्त यात्रा नवनिर्मित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से प्रारंभ हुई तथा अजयगढ़ चौराहा बड़ा बाजार गोविंद चौक बलदेव चौक कटरा बाजार अंबेडकर चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया यात्रा में भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामावतार तिवारी सेवा दल के अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नगर आनंद शुक्ला पन्ना अक्षय तिवारी अजयगढ़ दादूराम मिश्रा गुनौर बबलू गौतम अमानगंज बाबू सिंह राजपूत पवई माखन पटेल शाह नगर शालिग्राम गौतम शशीकांत दिक्षित भूपेंद्र सिंह परमार वैभव थापक पुरुषोत्तम जड़िया रेहान मोहम्मद जन्मेजय अर्जरिया श्रीमती आस्था तिवारी देव की प्रजापति श्रीमती रही मां खातून नरेंद्र विश्वकर्मा आदि रहे।

### ग्राम हड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पवई ।** अध्यक्ष, तालुक विधिक सेवा समिति, पवई के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम हड़ा में एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अमित कुमार शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को यातायात अधिनियम, सामान्य विधि प्रावधानों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान श्री शर्मा ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू हिंसा, गुजारा भत्ता एवं अन्य पारिवारिक विवादों से संबंधित प्रावधानों की भी जानकारी दी।

# पवई का इकलौता होम्योपैथिक अस्पताल बुनियादी असुविधाओं का शिकार



**जागरण, पवई ।** पवई में स्थित पन्ना जिले का इकलौता होम्योपैथिक अस्पताल इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव से जूझ रहा है। वर्षों पुराना यह अस्पताल अब सीएचसी परिसर के एक खुले बरामदे में संचालित हो रहा है, जहां मरीजों और डॉक्टरों दोनों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव है।

**गर्मी-बरसात में इलाज बना चुनौती :** डॉक्टरों का कहना है कि सर्दियों में तो किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन गर्मी में तेज लू और बरसात के मौसम में इलाज करना बेहद कठिन हो जाता है। खुले बरामदे में न तो पंखे हैं, न ही बैठने की व्यवस्था। मरीजों को भीषण धूप और गर्मी में लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे असुविधा और परेशानी दोनों बढ़ जाती हैं।

**रोजाना इलाज के लिए आते हैं 20 से 25 मरीज :** अस्पताल की बदहाल स्थिति के बावजूद यहां हर दिन 20 से 25 मरीज इलाज के लिए आते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि ग्रामीणों में होम्योपैथिक पद्धति के प्रति विश्वास बना हुआ है और यह चिकित्सा सुविधा उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण है।

**दवाओं के भंडारण की दयनीय स्थिति:** सीएचसी पवई द्वारा उपलब्ध कराए गए स्टोर रूम की हालत भी काफी चिंताजनक है। छत उखड़ चुकी है और बरसात में पानी टपकता है, जिससे दवाएं खराब होने का खतरा हमेशा बना रहता है। डॉक्टरों ने अस्थायी समाधान के तौर पर तिरपाल लगाई है, लेकिन यह टिकाऊ उपाय नहीं है।

**विभागीय लापरवाही बनी बड़ी बाधा :** जिला आयुष अधिकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में अस्पताल भवन निर्माण के लिए 4.50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन नगर परिषद ने यह 12/01/2025 को 12म12 का एक रूम एवं 8म6 का टॉयलेट निर्माण को संभावित करते हुए जानकारी प्रेषित की है. जिसको जिला आयुष अधिकारी ने 12/03/2025 को संचालनालय को जानकारी भेजी है। इसके बाद से अब तक न तो कोई नई राशि स्वीकृत हुई और न ही सुधार की कोई पहल हुई है।

**सात सदस्यीय स्टाफ कर रहा सीमित संसाधनों में कार्य :** पवई होम्योपैथिक अस्पताल में कुल सात कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें डॉ. पी.के. नायक (एचएमओ), डॉ. प्राची गुप्ता (सीएएमओ), चिंतामणि साहू (होमियोपैथी कंपाउंडर), सुरेन्द्र रैकवार (दवासाज), किशोरी लाल (पीटीएस), गौरीश द्विवेदी (योग प्रशिक्षक) और रघुवीर प्रसाद चौधरी (योग सहायक) शामिल हैं।

**जिले में आयुष सेवाएं तीन प्रमुख शाखाओं के माध्यम से लाभ :** इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष विभाग के अंतर्गत तीन प्रमुख शाखाएं—आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी—चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से लोगों को लाभ पहुँचाना है। पवई में होम्योपैथिक अस्पताल, शाहनगर में आयुर्वेदिक अस्पताल तथा अमानगंज में आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा स्थापित की गई है, जिनका लाभ निरंतर जनता द्वारा लिया जा रहा है।

**जनता की मांग- जल्द हो स्थायी भवन का निर्माण :** स्थानीय नागरिकों और मरीजों की मांग है कि पवई के इस एकमात्र होम्योपैथिक अस्पताल के लिए जल्द से जल्द एक स्थायी भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकें और डॉक्टर भी सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें।

# भेलसी और बरमे में पीने के पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

### कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते नल जल योजना से घरों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

**जागरण, टीकमगढ़।** अखण्ड यादव बल्देवगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत भेलसी और बरमे सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों में ग्रामीणों को पीने के पानी के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर से पीने के लिए पानी लाना पड़ रहा है। जिम्मेदार है कि इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बल्देवगढ़ जनपद पंचायत की एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतो में नल-जल योजना होने के बाद भी ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। कारण है कि पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों कीअनदेखी से कही नल-जल योजना बंद होने की वजह से तो कहीं टंकी का घटिया निर्माण एवं पाइप लाइन फूडी होने से ग्रामीणों को



पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इस भीषण गर्मी में 1500 की आबादी वाली ग्राम पंचायत बरमे और 10 हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम भेलसी की महिलाए और पुरुष पानी कुआं या अन्य स्त्रोतों से सिर पर ढोने को मजबूर है। तो यही हाल ग्राम पंचायत भेलसी का है।

### करोड़ों रुपए खर्च होने बाद भी प्यासे है ग्रामीण

ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े। इस लिए शासन द्वारा करोड रुपए खर्च कर एक दर्जन से अधिक गांव में नल-जल योजना शुरू की थी। जिसमें भेलसी,बरमे, इमलान, पटोरी, गनेशपुर सहित अन्य गांव में नल-जल योजना की लाइन डालकर कंप्लीट कर दी गई थी। लेकिन पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते नलों से घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। जनपद सदस्य शोभाराम पांडे ने बताया कि ग्राम पंचायत बरमे में कई वर्षों से पानी की समस्या जस के तस बनी है। शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर गांव में नल की लाइन डाली गई थी। नलों से कुछ महीनो तक तो पानी मिला है। लेकिन पिछले 9 माह से नलों से पानी नहीं मिल रहा है। नलों से पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों को 1 किलोमीटर दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। नल जल योजना की शिकायत कई बार कर चुके हैं लेकिन कोई जिम्मेदार सुनने के लिए तैयार ही नहीं है। इसके साथ ही क्षेत्र में तालाब, हैंडपंप और कुंओं का जलस्त लगातार नीचे चले जाने से पेयजल समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। हैंडपंप दम तोडने लगे हैं। ग्राम पंचायत भेलसी निवासी अतुल शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत भेलसी में पीएचई विभाग जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार से मिली भगत कर कमीशन के दम पर टंकी का घटिया निर्माण कार्य कराया गया है। अभी तक इस टंकी से गांव के लोगों को एक बूंद भी पानी नहीं मिल पाया है। टंकी बनने के कुछ दिन बाद ही टंकी का जीना पूरी तरह टूट गया था। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर टंकी में पानी जाएगा तो टंकी कभी भी गिर सकती है। गांव में लगे हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण आधा बाल्टी पानी के लिए लोगों को अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोगों को एक किलोमीटर दूर जाकर कुआं से या तालाब से पानी लाना पड़ रहा है।

# शासकीय मॉडल उमवि पलेरा में समर कैंप 2025 खेलों का समापन



**जागरण, टीकमगढ़।** समर कैंप खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर मॉडल विद्यालय पलेरा के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत ने समर कैंप खेलों में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ अनुशासन में रहने और एक टीम भावना के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देते है जो हमारे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में हमें सक्षम बनाते हैं इसके साथ ही खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करके स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर चयनित होकर अपना कैरियर बना सकते हैं इस अवसर पर प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत शिक्षक बृजेन्द्र सिंह लोधी खेल शिक्षक हस्रूद्दीन खान एवं अमित अहिरवार कृष्ण प्रकाश पटेरिया ने खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़कर अपने मात पिता,क्षेत्र एवं देश का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दीं ।

# एनटीपीसी सिंगरौली के जेम 25 की बालिकाओं को मिला आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण



**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा आयोजित बालिका सशक्तीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र में सीआईएसएफ़ शक्तिनगर की महिला बल द्वारा जेम 25 की बालिकाओं हेतु आत्म.सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना उनकी आत्म.रक्षा क्षमता को बढ़ाना एवं उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। इस शिविर में सीआईएसएफ़ की महिला बल द्वारा आत्म.रक्षा के विभिन्न उपायों को नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिससे बालिकाओं को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को समझने और अपनाने में आसानी हो। इस प्रशिक्षण शिविर में सीआईएसएफ की श्रीमती रेम्या कृष्णा टीपी लेडी सब इंस्पेक्टर श्रीमती पिंकी यादव लेडी हेड कांस्टेबल सुश्री प्रीति तिग्गा लेडी हेड कांस्टेबल श्रीमती बिन्दु कुमारी लेडी कांस्टेबल व श्रीमती सुनीता होरो लेडी कांस्टेबल ने बालिकाओं को आत्म.सुरक्षा के आधुनिक तकनीक सतर्कता बनाए रखने के उपाय योग व्यायाम तथा विभिन्न केस स्टडीज़ के माध्यम से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए। कार्यक्रम में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। यह पहल नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुई। इस अवसर पर डॉ. ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने कहा एनटीपीसी सिंगरौली सदैव महिलाओं के नैतिक मानसिक व शारीरिक सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है। इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से हम बालिकाओं को न केवल आत्म.रक्षा के गुर सिखा रहे हैं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और साहस से भरपूर भविष्य के लिए तैयार भी कर रहे हैं।

## कृषकों को विशेषज्ञों के द्वारा दी जायेगी जानकारी

**जागरण बैढ़न।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन खरीफपूर्व 29 मई से 16 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान केंद्रीय योजनाओं एवं मध्य प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं सहित कृषक वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों एविभागीय अधिकारियों एकृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा कृषकों को बताया जाएगा। अभियान के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया जाकर निर्देश दिए गए हैं कि अभियान के तहत कृषकों को उन्नत तकनीकियों के सम्बन्ध में अवगत कराएं। जारी कार्यक्रम के तहत 31 मई विकास खंड बैढ़न के ग्राम हर्रैया सितुलखुर्द में 1 जून को भुड़कुड़ राजमीलन में 2 जून को जीर धरी तथा 3 जून को तियरा काम 4 जून को मकरोहर सेमरिया मे 5 जून को बड़गड़ जोगियानी में 6 जून को खम्हरिया ओखरावल में 7 जून को उर्ती करौटी में अभियान के तहत शिविर आयोजित होगा। वहीं विकास खंड देवसर के ग्राम ढोगा कुर्सा में 8 जून को शिविर आयोजित होगा। 9 जून को सरौन्धा डोडकी 10 जून को कनई वडोखर में 11 जून को वकहुल मनिहारी में एवं 12 जून धिनहागांव पोखरा में आयोजित किया जाएगा।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली बड़ी कामयाबी, इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड 25 से सम्मानित




**जागरण विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी का विन्ध्याचल ताप विद्युत संयंत्र एक बार फिर सुर्खियों में है। संयंत्र को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड 25 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कार्यस्थल पर उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों स्वास्थ्य प्रबंधन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए दिया जाता है। यह वैश्विक मान्यता संयंत्र के कर्मचारियों ठेकेदारों विक्रेताओं और अन्य हितधारकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है जिन्होंने मिलकर एक सुरक्षित और सतत कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दिया। संयंत्र की सुरक्षा टीम द्वारा लागू की गई आधुनिक तकनीक नियमित प्रशिक्षण और सतर्कता ने इसे इस मुकाम तक पहुँचाया है। पंकज कुमार जेठा अपर महाप्रबंधक एमएम.ऑफसाइट और आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा ने लंदन में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान दर्शाता है कि एनटीपीसी विन्ध्याचल न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करता है। एनटीपीसी का यह उपलब्धि उसकी उस प्रतिबद्धता को और सशक्त करती है जिसके तहत वह एक सुरक्षित स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## आवास निर्माण की राशि प्राप्त करने के बावजूद आवासों को निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियो के अचल सम्पत्ति को कुर्क कर होगी राशि की वशूली

### नोटिस जारी

**जागरण बैढ़न।** प्रधानमंत्री आवास शहरी के ऐसे लाभान्वित हितग्राहियों जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया है। ऐसे हितग्राहियो से आवास निर्माण के लिए आवंटित राशि की वशूली उनके अचल सम्पत्ति को कुर्क कर की जायेगी। नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा ने बताया कि ऐसे हितग्राहियो को बार बार आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। कई बार समझाईस भी दी गई की शासन द्वारा यह राशि आवास निर्माण के लिए भेजी गई। उक्त राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना है किंतु हितग्राहियो द्वारा शासन से अनुदान राशि प्राप्त करने के पश्चात भी भवन का निर्माण पूर्ण नही किये जाने से पर ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध राशि वशूली की नोटिस जारी की गई है। निगमायुक्त के द्वारा हितग्राही छोटे लाल कुशवाहा पिता बंसी लाल कुशवाहा निवासी वार्ड क्र. 28 गोविंद प्रसार साकेत पिता बंसीलाल साकेत निवासी वार्ड 28 जीतलाल कुशवाहा पिता राम चरण कुशवाहा गंगा प्रसाद साकेत पिता बलराम साकेत रामबृज कुशवाहा पिता सभापति कुशवाहा गुलाबी साकेत पति अभिराम साकेत प्रकाश नारायण दुबे पिता कमला प्रसाद दुबे लाल चंद साकेत पिता बाबूलाल साकेत राकेश कुमार पिता बलराम साकेत जवला प्रसाद घोसिया पिता राम प्यारे घोसिया बंधु कुशवाहा पिता सदोल कुशवाहा गोलेन्दर साकेत पिता राजेन्द्र साकेत दिविधसाकेत पिता नर्मदा साकेत फूलचंद नापित पिता पुरूशोत्तम नापित रूप नारायण पिता रामजी साकेत लीलावती खैरवार पति स्व.मुन्न खैरवार बोनी चौहान पिता रामलल्लू लोनिया माया राम साकेत पिता रामल्ललू साकेत दया राम साकेत पिता राम लल्लू साकेत राजेश कुमार कुशवाहा पिता हीरालाल कुशवाहा राम प्रसाद साकेत पिता दुलाराम साकेत राम प्रसाद शाहू पिता भंजीलाल शाहू बृजलाल शाह पिता रामकेश शाह तथा घरहु शाह पिता सोमेश्वर शाह सभी निवासी वार्ड क्र. 28 को नोटिस जारी करते हुये आवास निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। निगमायुक्त द्वारा कहा कि गया दी गई समय सीमा मे अगर उपरोक्त हितग्राहियों द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया तो संबंधितो के अचल सम्पत्ति को कुर्क कर राशि वशूली की कार्यवाही की जायेंगी।

## महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी की सेक्टर बैठक

### 1 से 15 जून तक रेडी टू ईट खाद्य पदार्थ प्रदाय किया जाएगा



**जागरण चितरंगी।** महिला बाल विकास परिजोजन चितरंगी की सेक्टर बैठक पर्यवेक्षक सुशील वर्मा ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की सामुदायिक भवन चितरंगी में लिया। जिसमे महिला बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृ बन्दना योजना में तकनीकी रूप से पोर्टल में फेर बदल किया गया है। बताया कि मातृ बंदना योजना के पात्र हितग्राही का पोषण ट्रेकर एस्प में पंजीयन करने के बाद फोटो कैप्चर करने के बाद ही मातृ बंदना के पोर्टल में एक्सेप्ट होगा। आँगन बाड़ी कार्यकर्ता संपर्क एप में उपस्थित दर्ज करना अनिवार्य है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा ग्रीष्कालीं अवकाश घोषित किया गया है। जिसमे 1 से 15 जून 2025 से रेडी टू ईट खाद्य पदार्थ 3 से 6 वर्ष एवं अतिकुपोषित थर्ड मिल बच्चो को नाश्ता एवं गरम भोजन स्व सहायता समूहों द्वारा हितग्राहियो घर घर प्रदान किये जाने की सरकार ने व्यवस्था बनाई है। साथ मे आँगनबाड़ी कार्यकर्ता हमेशा की तरह समय से आँगन बाडी केंद्र का संचालन करेगी अपने अभिलेखों का संधारण करेगी। आँगन बाड़ी हितग्राहियो के केंद्र में नही बुलाना है। विभाग की मंशानुसार सभी कार्यकर्ता हितग्राहियो की ईकेबायसी फेस कैप्चर करे ताकि विभाग की पोर्टल की संख्या का आंकड़ा प्रदर्शित हो सके उसके अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र भी वितरण किइस गया। बैठक में सुशीला वर्मा पर्यवेक्षक सेक्टर चितरंगी ब्लाक समन्यवक प्रितेश बैस आँगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

## एनसीएल ने वैढ़न तहसील में सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु लोक निर्माण विभाग के साथ किया एमओयू



**जागरण सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु लोक निर्माण विभाग सिंगरौली के साथ एमओयू किया। इस एमओयू केअंतर्गत एनसीएल द्वारा उपविभागीय कार्यालय सिंगरौली एवं तहसील कार्यालय वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय बिजली पानी की सुविधा और पार्क निर्माण इत्यादि के विकास हेतु सीएसआर मद से लोक निर्माण विभाग सिंगरौली को 23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबन्धक सीएसआर राजीव रंजन एवं लोक निर्माण विभाग सिंगरौली से कार्यपालक अभियंता इंचार्ज विनोद कुमार चौरसिया ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनसीएल की इस सीएसआर पहल से सिंगरौली जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से वैढ़न तहसील कार्यालय आने वाले लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में विकास एवं कल्याण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एंव गतिविधियों का आयोजन करती रही है। एनसीएल का यह प्रयास सिंगरौली परिक्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक हुई आयोजित

**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने वन अधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 के तहत अनुसूचित जनजाति एवं विभिन्न विकास कार्यों हेतु प्रभावित वन भूमि के व्यायपरिवर्तन हेतु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। वहीं अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 नियम 2008 के तहत पूर्व में निरस्त दावों का पुनः परीक्षण कर वन मित्र पोर्टल पर अपलोड किए जाना निर्णय समिति द्वारा लिया गया। बैठक के दौरान एन के त्रिपाठी एसडीओ वन विभाग सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग नीलकांठ सिंह समिति के सदस्य अशोक सिंह पैगाम यशोदा पनिका सत्यवती सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एनएससीए जयंत में आज लगेगा कार्डियोलॉजी, ओंकोलोजी एवं आर्थोपेडिक्स संबंधी सुपरस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर

**जागरण सिंगरौली।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत एनसीएल के तत्वाधन में आज निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान एकोर्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल फ़रीदाबाद के चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित सभी का कार्डियोलॉजी ओंकोलोजी एवम् आर्थोपेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि एनएससी जयंत द्वारा समय समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।


## नाईट क्रिकेट टूनामेंट में इटार की टीम बनी विजेता

**जागरण चितरंगी।** नटवार गड़वानी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 25 सीजन 02 का समापन समारोह सम्पन्न हुआ जिसके संरक्षक जगत बहादुर सिंह जनपद सदस्य आयोजक राकेश सिंह बैस एडवोकेट एवं अक्षय कुमार सिंह बृजेश पनिका फूलचंद्र और ब्यंकटेश्वर विश्वकर्मा एवं अन्य सहयोगी रहे जिसके मुख्य अतिथि के रूप में कमलेंद्र सिंह चंदेल जिला पंचायत सदस्य कार्यक्रम कि अध्यक्षता अशोक सिंह पैगाम जिला पंचायत सदस्य विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा साकेत सरपंच ग्राम पंचायत गड़वानी एवं अन्य क्रिकेट प्रेमियों उपस्थिती मे सम्पन्न हुआ फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इटार 11 की टीम ने 15 ओवरों में 97 रनो का लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए देवगवा 11 ओवरो में 95 रनो पर आल आउट हो गई इस तरह से इटार 11नाईट टूनामेंट कि विजेता रही इस फाइनल मैच के मैन आफ द मैच रहे अंकित बैस वही पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडी राकेश सिंह बैस को मैन आफद टूर्नामेंट से नवाजा गया और विजेता टीम को ट्रॉफी और 25000/ हजार नगद राशि और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 11000/ हजार रुपए दिए गए कार्यक्रम का सफल संचालन कैमेंटर ठाकुर हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

## एनसीएल की निगाही परियोजना ने सीएसआर के तहत नवानगर में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**जागरण सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय.समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में एनसीएल की निगाही परियोजना ने वार्ड क्र.24 नवानगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान निगाही परियोजना से चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों के सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण किया एवं उन्हें निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त इस दौरान उपस्थित लोगों की टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर जांच की गयी एवं उन्हें टी.बी.लक्षणों की पहचान एवं उपचार समय पर जांच के लाभ इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि एनसीएल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।





## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 679 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 649 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 640 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 24 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 23 |
| जोस हेजलवुट (आरसीबी) | 21 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 19 |

## बाउंड्री मीटर



1226 छक्के
2156 चौके
139 अर्धशतक

पंजाब ने आरसीबी के खिलाफ इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मुशीर खान को उतारा। इसके साथ मुशीर को अपना आईपीएल डेब्यू करने का मौका मिला। लेकिन वे मात्र तीन गेंदें खेलने के बाद बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ करुण नायर और सरफराज के अर्धशतक

पहले अनधिकृत टेस्ट मैच में पहले दिन भारत-ए के दो विकेट पर 227 रन

जेएनएन, कैंटरबरी (इंग्लैंड)

करुण नायर और सरफराज खान ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों का डटकर सामना किया, जिससे भारत-ए ने शुक्रवार को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन चाय तक दो विकेट पर 227 रन बना लिए। नायर 91 और सरफराज 92 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों ने तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में 176 रन जोड़ लिए हैं। नायर को 89 के स्कोर पर तेज गेंदबाज अजीत सिंह डेल की गेंद पर पहली स्लिप में जीवनदान मिला। इसका पूरा फायदा उठाते हुए उन्होंने नॉर्थम्पटनशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के अपने अनुभव का इस्तेमाल किया। उन्होंने 85 गेंद में पचासा पूरा किया। टेस्ट टीम में जगह पाने से नाकाम रहे सरफराज ने एहतियात के साथ शुरुआत करते हुए 85 गेंद में 50 रन पूरे किए। अर्धशतक जमाने के बाद उन्होंने खुलकर खेलना शुरू किया। इंग्लैंड लायंस के तेज गेंदबाजों ने अभिमन्यु ईश्वरन (08) और यशस्वी जायसवाल (24 रन, 55 गेंद) के विकेट जल्दी झटक लिए, जिसके बाद नायर और सरफराज क्रीज पर बहुत सहज दिखे। भारत ए ने पहला विकेट कप्तान ईश्वरन के रूप में गंवाया जो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हुल की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जायसवाल अपने आउट होने के तरीके से बहुत निराश होंगे। वह एक घंटे तक क्रीज पर ज्यादातर समय इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने सहज होकर खेल रहे थे, लेकिन तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद को ड्राइव करने के प्रयास में कप्तान जेम्स रियू के हाथों लपके गए।



### 20 दिन पहले इंग्लैंड जाएंगे राहुल

आईपीएल 2025 का करवां खत्म होने के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड का दौरा करना है। 20 जून से शुरू होने वाले इस टूर पर भारत मेजबानों के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। केएल राहुल को रोहित शर्मा के बाद टेस्ट क्रिकेट में ओपनर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में यह स्टार खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए स्पेशल तैयारियों में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राहुल लगभग 20 दिन पहले इंग्लैंड के लिए उड़ान भरेंगे और इंग्लिश परिस्थितियों में ढलने के लि इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ होने वाले इंडिया-ए के मुकाबले में हिस्सा लेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पुष्टि की, वह सोमवार (2 जून) को उड़ान भरेंगे और भारत-ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। चूंकि वह सीनियर पुरुष टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें खेलने का समय और मैच अभ्यास मिलेगा।

## पहले वनडे मुकाबले में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से रौंदा

**बर्मिंघम, जेएनएन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। वनडे में पहली बार हुआ था, जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया। मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (32 रन पर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (22 रन पर तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार वनडे द्विपक्षीय सीरीज को अपने नाम करने का मौका होगा। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहली बार एक साथ पारी का आगाज कर रहे बेन डकेट (60) और जैमी स्मिथ (37) सात ओवर में 64 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 57 जबकि ब्रूक ने 58 रन का योगदान दिया। जैकब बेथल ने 82 रन की पारी खेली। आईपीएल से लौटे बेथल ने विल जैक्स (24 गेंद में 39 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 98 रन की विस्फोटक साझेदारी की।



## खेल एक नजर

### हॉकी : शूटआउट में 1-3 से भारतीय महिला जूनियर टीम चिली से हारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के मैत्री हॉकी टूर्नामेंट में नियमित समय 2-2 की बराबरी पर छूटने बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए सुखवीर कौर (35वां मिनट) और कनिका सिवाच (47वां मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जैसिंटा सोलारी (27वां मिनट) और कप्तान लॉरा मुलर (42 वां मिनट) ने गोल दागे। निर्धारित समय में कोई भी टीम विजेता नहीं बन पाई ऐसे में मैच शूटआउट में चला गया। शूटआउट में चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए, जबकि भारत के लिए सोनम ही एकमात्र गोल कर सकी। भारत अब टूर्नामेंट के अपने पांचवें मैच में एक जून को उरुग्वे से भिड़ेगा।

### भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत श्रीलंका में ट्रेनिंग कार्यक्रम कराएंगे

**कोलंबो, जेएनएन।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण दो जून से श्रीलंकाई क्रिकेटरों के लिए एक विशेष 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिसमें सीनियर टीम के साथ पुरुष और महिला जूनियर भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को बताया कि अरुण उनकी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, उच्च उत्कृष्टता केंद्र के कोचों, क्लब और प्रांतीय कोचों के साथ कोचिंग देने वाले शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अरुण 2014 से 2021 तक भारत के गेंदबाजी कोच रहे। वह आर श्रीधर के बाद श्रीलंका के क्रिकेटरों के लिए ट्रेनिंग सत्र आयोजित करने वाले भारतीय टीम के दूसरे पूर्व कोच होंगे। वह अंडर-19 पुरुष टीम को ट्रेनिंग देकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

### भारतीय टीम की जर्सी में ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ (ईसएफआई) ने ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का शुक्रवार को अनावरण किया जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित डिजाइन के जरिये आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को समर्पित किया गया। इस जर्सी को 'टेककेन 8' के खिलाड़ी गुराशीष 'सोल' सिंह और शुभम खोरवाल पहनेंगे। इसका डिजाइन 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखे राष्ट्रीय गौरव, जच्बा और सैन्य लोकाचार से प्रभावित है। जर्सी के बीच में शक्ति के प्रतीक के तौर पर गहरे लाल रंग की पट्टी है।
यह विवाहित भारतीय महिलाओं द्वारा लगाए जाने वाले सिंदूर से प्रेरित है। जर्सी की पृष्ठभूमि में भारतीय सशस्त्र बलों की वर्दी से प्रेरित पैटर्न है, जो सतर्कता, अनुशासन और सेवा को दर्शाता है। खिलाड़ियों ने मॉस्को के लिए रवाना होने से पहले नई लॉन्च की गई जर्सी पहनी।

# वर्ल्ड नंबर एक सिनर और अमेरिकी गॉफ फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में

### फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट का हार के साथ सफर खत्म

**पेरिस, जेएनएन।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ फ्रेंच ओपन के अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी। तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया। ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी।



### भांबरी-गालोवे की जोड़ी तीसरे दौर में

भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गेलोवे की जोड़ी फ्रेंच ओपन पुरुष युगल वर्ग में शुक्रवार को तीसरे दौर में पहुंच गई। दोनों ने करीब ढाई घंटे चले दूसरे दौर के मुकाबले में क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के माइकल वीनस की जोड़ी को 6-7, 7-6, 6-3 से हराया। अब भांबरी और गेलोवे का सामना नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग से होगा। भांबरी और गेलोवे ने पहले दौर में रॉबिन हासे और हेंड्रिक जेबेंस को 6-3, 6-7, 6-3 से मात दी थी।

### जेसिका पेगुला, कीज व मीरा एंड्रीवा भी जीतीं

गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती



होगी। महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी।

## गुकेश ने नार्वे शतरंज में कारुआना के खिलाफ मुकाबला जीता, कार्लसन से हारे अर्जुन एरिगैसी

**स्टावेंगर (नॉर्वे), जेएनएन।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की, लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना गुरुवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। महिला वर्ग में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में युक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया।

## गुलवीर, पूजा और नंदिनी ने जीते स्वर्ण पदक

एशियाई एथलेटिक्स

**गुमी (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा के फाइनल में एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, तो वहीं ऊंची कूद में पूजा सिंह और हेप्टाथलॉन में नंदिनी अगसारा ने स्वर्ण पदक जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन को भारत के लिए खास बना दिया। गुलवीर ने चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। इससे देश के कुल पदकों की संख्या 18 हो गई है। इसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने 2023 सत्र में 27 पदक जीते थे। उसमें हालांकि स्वर्ण पदकों की संख्या सिर्फ छह थी। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक गुलवीर ने 13 मिनट 24.77 सेकंड का समय निकालकर थाईलैंड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो 13 मिनट 24.97 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जापान के नागिया मोरी ने 13 मिनट 25.06 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। पिछला चैंपियनशिप रिकॉर्ड कतर के मोहम्मद अल-गर्नी के नाम था।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी 39 मिनट में सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में

**सिंगापुर, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में



पहुंचे थे। सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था।

## नेशनल रैंकिंग सेलिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ओवरऑल चैंपियन, जीते 5 स्वर्ण सहित 12 पदक

तीसरी नार्थ ईस्ट रेगाटा राष्ट्रीय रैंकिंग सेलिंग प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट ट्रॉफी भी जीती



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राच्य सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी नार्थ ईस्ट रेगाटा राष्ट्रीय रैंकिंग सेलिंग प्रतियोगिता 2025 में 12 पदक पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 29 मई को शिलांग (मेघालय) में किया गया। प्रतियोगिता में नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल की टीम ने पांच स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक अर्जित कर पर बेस्ट सेलिंग क्लब की ट्रॉफी जीती। नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल के खिलाड़ी शशांक बाथम को बेस्ट सेलर की कर्नल जग्गी ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में देश भर के

### इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

प्रतियोगिता चार क्लास में आयोजित की गई थी, जिसमें ऑप्टिमिस्ट क्लास, इल्का-4, इल्का-6, 420 क्लास स्पर्धा हुई। इल्का-4 क्लास में वासु चंद्रवंशी और शगुन झा, इल्का-6 ओपन केटेगरी में शशांक बाथम, 420 मिक्स में एकलव्य बाथम, वंशिका सिकरवार और ऑप्टिमिस ग्रीन फ्लीट में अनुज शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। इल्का-4 क्लास में राजवीर यादव, आस्था पांडे, इल्का-6 ओपन केटेगरी में अक्षत कुमार और 420 मिक्स्ड केटेगरी में समृद्धि बाथम/पार्थ सिंह चौहान ने रजत पदक जीता। इल्का-4 क्लास में अंकित सिसोदिया, इल्का-6 ओपन केटेगरी अजय यादव और ऑप्टिमिस्ट में समर पांचेश्वर ने कांस्य पदक अर्जित किया।



## राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए भोपाल की 54 सदसीय टीम घोषित



**भोपाल, खेप्र।** 53वीं राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को भोपाल की 54 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई है। टीम की कमान अनन्या एस गणेश को सौंपी गई है। यह प्रतियोगिता खंडवा में एक से पांच जून तक आयोजित की जाएंगी। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि प्रतियोगिता 4 ग्रुप में खेली जाएगी। सब जूनियर नेशनल एवं जूनियर नेशनल एवं सीनियर नेशनल तैराकी, गोताखोरी, वॉटरपोलो के लिए टीम का चयन किया जाएगा। भोपाल की टीम में 33 बालक और 21 बालिका तैराक खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कोच पंकज बाथम, प्रबन्धक पारुल हरिहरणों रहेंगे।

## आदर्श-जोसफ के अर्धशतक से वीएस अकादमी ने क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स को 146 रन से रौंदा

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर आफ द मैच केविन जोसफ (56 रन और 1 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत वीएस अकादमी ने जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज टूर्नामेंट में क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स को 146 रन से करारी शिकस्त दी। जवाहर लाल नेहरू स्कूल में वीएस अकादमी ने आदर्श (58) और केविन जोसफ (56) के अर्धशतक की मदद से 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 237 रन बनाए। क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स के विभु ने 3 विकेट लिए। जवाब में क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स 21 ओवर में 91 रन पर ऑलआउट हो गई। देव ने सर्वाधिक 15 रन बनाए। वीएस अकादमी के अनमोल ने 20 रन देकर 4 विकेट लिए। कृष्णा और पार्थ को 2-2 सफलता मिली।



### श्रेया के दोहरे प्रदर्शन से जीती रोहित हाउस

कप्तान श्रेया दीक्षित (6 विकेट और 21 रन)के दोहरे प्रदर्शन से रोहित शर्मा हाउस ने अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में विराट कोहली हाउस को एक विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर विराट हाउस 139 रन पर ऑलआउट हो गई। नितिन झा ने 30 और कुलदीप मालवीया ने 26 रन बनाए। रोहित हाउस के केतन रेवाड़ीकर ने 4 विकेट झटके। जवाब में रोहित हाउस ने 46 ओवर में 9 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। होमी सोलंकी ने नाबाद 41 रन बनाए। विराट हाउस के वैभव मारण ने 3 और शानवी मंडलोई ने 2 विकेट लिए।

### वाणी हाउस दिन में दो मैच हारी

सूर्यकांत गुप्ता हाउस और बाबा हाउस ने इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। दोनों टीमों ने वाणी हाउस को शिकस्त दी। सूर्यकांत गुप्ता हाउस ने कबीर अग्रवाल (70) के अर्धशतक की बदौलत 191 रन बनाए। अशोक वाणी हाउस के सरताज सिंह ने 4 विकेट लिए। जवाब में वाणी हाउस 123 रन पर सिमट गई। कबीर, हिमांशु और प्रीतम ने तीन-तीन विकेट लिए। दूसरे मैच में बाबा हाउस ने 155 रन बनाए। कप्तान अरुण गुप्ता ने 70 रन की पारी खेली। जवाब में वाणी हाउस 103 रन बना पाई।

## सिद्धीक के हैट्रिक सहित चार गोल लोकमान और अल्फा की बड़ी जीत

**भोपाल, खेप्र।** लोकमान और अल्फा फुटबॉल क्लब ने खेलो भोपाल समर फुटबॉल प्रतियोगिता मेला में अपने-अपने वर्ग में बड़ी जीत दर्ज की। टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में लोकमान ने वीर योद्धा फुटबॉल क्लब को 6-0 से परास्त किया। टीम के लिए आराध्या, मयूर और आदर्श ने दो-दो गोल किए। वहीं



अंडर-18 आयु वर्ग में अल्फा फुटबॉल क्लब ने रेजिंग बुल को 3-0 से शिकस्त दी। अल्फा क्लब के सागर ने दो और प्रवीण जैन ने एक गोल दगा। इसी वर्ग में मुजी 11 ने रेड फिनिक्स को 1-0 से हराया। मुजी ने एकमात्र गोल किया। बालिका वर्ग में लेडी स्ट्राइकर और ब्लू डेविल्स के बीच गोल रहित मैच समाप्त हुआ। दोनों टीमों को एक-एक अंक प्राप्त कर संतोष करना पड़ा। बेबी लीग में रॉयल चैंपियंस ने सुपर फुटबॉल क्लब को हराया और 2-0 से पराजित किया। विमान गोयल ने दोनों गोल किए। इसी वर्ग के एक दूसरे मैच में सुपरस्टार ने स्टार बॉयज को 4-0 से हराया। विजेता टीम सुपरस्टार की तरफ से सिद्धीक ने हैट्रिक सहित चारों गोल किए।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 3 को मैहर व 5 जून को सतना में

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

## राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल आज सतना आयेंगे

**सतना।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल 31 की प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे। और यहां प्रातः 10 बजे सतना एयरपोर्ट में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।




## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल



**जागरण, सतना।** महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह और सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस द्वारा की गई है।

**ये है मामला :** अतुल्य कुमार सिंह परिहार निवासी अमकुई थाना जसो जिला सतना हाल निवास मंदाकिनी बिहार कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को सुबह तकरीबन सवा 9 बजे उमेश सिंह ने फोन पर बताया कि स्नेहल दरवाज नही खोल रही। जानकारी मिलते ही तभी उनके भाई अभ्यूदय प्रताप सिंह ने फोन पर बताया कि स्नेहल का दरवाज खोला गया तो वह कमरे के अंदर पंखे में फांसी लगा कर झूल रही थी। उसकी मृत्यु हो चुकी थी और नाक से खून निकल रहा था। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## एयरपोर्ट के कार्यक्रमों में व्यवस्था संबंधी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार द्वारा हवाई पट्टी सतना का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम एवं लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती के कार्यक्रम प्रस्तावित है। आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा विभिन्न जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल को यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं कारकेड व्यवस्था करेंगे। वनमण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल को एयरपोर्ट सतना एवं कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार स्थलों के आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से जंगली जानवर, पशु एवं पक्षियों के विचरण पर रोक लगाये जाने संबंधी व्यवस्थायें करेंगे।

## राज्य एथलेटिक्स एवं वाटर स्पोर्टस अकादमी में प्रवेश हेतु प्रतिभा चयन का आयोजन

**सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी एवं वाटर स्पोटर्स अकादमी क्याकिंग केनोइंग एवं रोइंग विधा में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। खेल एथलेटिक्स का आयोजन 4 जून को प्रातः 6.30 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना में तथा खेल रोइंग का आयोजन 4 जून को बडा हनुमानजी मूर्ति के पास नयागांव (चित्रकूट) में प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com